CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 17°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 69 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी पेज 2



विराट फिर शून्य पर लुढ़के, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त खेल टाइम्स



जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे सम्पादकीय



भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे अगले CJI

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ारत के अगले मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है? क्योंकि वर्तमान सीजेआई बीआर गवई 23 नवम्बर को पद से मुक्त हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई को उनके उत्तराधिकारी के नाम का अनुरोध करने वाला पत्र गुरुवार शाम या शुक्रवार को भेजा जाएगा।

### तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा।

### कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए 80 रुपये मिले थे। दिसम्बर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे।

### दिल्ली में हुई एयर क्वालिटी और खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एक्यूआई 353 दर्ज किया गया।

# SC: नाबालिग रोक सकता है अभिभावक का अवैध सौदा

## नाबालिग को अलग से मुकदमा दर्ज करने की जरूरत नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति विवादों से जुड़े एक अहम फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसी नाबालिग की संपत्ति उसके अभिभावक ने कोर्ट की अनुमति के बिना बेच दी है, तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को केवल अपने आचरण से भी अस्वीकार कर सकता है। इसके लिए उसे अदालत में अलग से मुकदमा दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी।

जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यक और अभिभावक अधिनियम, 1956 की धारा सात और आठ के तहत प्राकृतिक अभिभावक द्वारा नाबालिग की अचल संपत्ति को कोर्ट की अनुमति के बिना बेचना रद्द माना जाएगा। अदालत ने कहा कि ऐसा सौदा बालिग होने के बाद नाबालिग या तो मुकदमा दाखिल करके रद्द कर सकता है या अपने स्पष्ट आचरण, जैसे उसी संपत्ति को स्वयं बेच देना, के जरिये भी अस्वीकार कर सकता है। यह फैसला पिछले कई वर्षों से चली आ रही कानूनी अस्पष्टता को दूर करता है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं था कि नाबालिग को ऐसे मामलों में मुकदमा दाखिल करना जरूरी है या नहीं। यह फैसला कर्नाटक के दावणगेरे जिले के केएस शिवप्पा की अपील पर आया। मामला दो सटे हुए भूखंडों से जुड़ा था, जिन्हें रुद्रप्पा नामक व्यक्ति ने 1971 में अपने तीन नाबालिग बेटों के नाम से खरीदा था। लेकिन जल्द ही रुद्रप्पा ने कोर्ट की अनुमति लिए बिना दोनों भूखंडों को अलग-अलग खरीदारों को बेच दिया। इनमें से एक प्लाट 56 को बाद में कई बार बेचा गया और आखिरकार 1989 में नाबालिगों के बालिग होने के बाद उन्हीं के द्वारा शिवप्पा को बेचा गया। दूसरा प्लाट 57 भी रुद्रप्पा ने कोर्ट अनुमति के बिना बेचा, जिसे 1993 में नीलम्मा नाम की महिला ने खरीदा। शिवप्पा ने दोनों प्लाट्स को खरीदने के बाद उन पर एक मकान बनाया। बाद में नीलम्मा ने इनमें से एक प्लाट पर स्वामित्व का दावा करते हुए शिवप्पा पर मुकदमा दायर कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने शिवप्पा के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि रुद्रप्पा का बिना अनुमति किया गया सौदा 'रद्द योग्य' था और नाबालिग बेटों ने बालिग होने के बाद संपत्ति खुद बेचकर उसे वैध रूप से अस्वीकार कर दिया। हालांकि, अपीलीय अदालत और कर्नाटक -शेष पृष्ठ दो पर

**अदालत ने कहा : व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनन वैध मानी जाएगी**



### CJI पर हमले के आरोपी वकील के खिलाफ अवमानना याचिका पर शीर्ष कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश के आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने दायर की है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुनवाई करेगी। यह घटना 6 अक्टूबर को हुई थी, जब वकील राकेश किशोर (71) ने सीजेआई की अदालत में जूता फेंक दिया था। इस अप्रत्याशित घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने किशोर का वकालत लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# सेना को मिलेगी नाग मिसाइल प्रणाली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है।

**सरकार ने 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी**

इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायुसेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन सौदों के अंतर्गत सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-2 , ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम (जीबीईएमएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### ट्रम्प से मोदी की मुलाकात इस साल नहीं होगी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के 22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है। गुरुवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी और बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे।

# केदारनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**श्री केदारनाथ धाम।** उत्तराखंड में स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट भाई दूज पर गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए।

कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने सेना के बैंड तथा जयघोष के साथ पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया। केदारनाथ में सर्द मौसम के बीच 10 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं ने भंडारे भी आयोजित किए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया से पहले श्रद्धालुओं ने मंदिर में अखंड ज्योति के दर्शन किए। इसके बाद कपाट बंद की प्रक्रिया के अंतर्गत ब्रह्म मुहुर्त में केदारनाथ धाम के पुजारी बागेश लिंग तथा आचार्यगणों, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति -शेष पृष्ठ दो पर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचमुखी डोली को शीतकालीन गद्दीस्थल के प्रथम पड़ाव के लिए प्रस्थान करवाया



# कुख्यात रंजन व गिरोह के तीन सदस्य ढेर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार रात पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन अन्य वांछित सदस्य मुठभेड़ में मारे गए।

यह मुठभेड़ बुधवार रात करीब 2:20 बजे रोहिणी सेक्टर के बहादुर शाह मार्ग और पंसाली चौक के बीच हुई। संयुक्त आयुक्त (अपराध) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि मारे गए अपराधियों की पहचान मलाही गांव, सुरसंड, सीतामढ़ी निवासी रंजन पाठक (25), बाजपट्टी थाना क्षेत्र, सीतामढ़ी निवासी बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), दोस्तियां गांव, शिवहर निवासी अमन ठाकुर (21) और शेरपुर गांव, करावल नगर, दिल्ली निवासी मनीष पाठक (33) के रूप में हुई है संयुक्त आयुक्त के अनुसार मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने कहा कि यह गिरोह दिल्ली में किसी बड़ी आपराधिक साजिश को अंजाम देने आया था। रंजन पाठक बिहार के सीतामढ़ी जिले का कुख्यात अपराधी था और 'सिग्मा एंड कंपनी' नामक आपराधिक संगठन का सरगना था।






## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ बोर्ड प्रस्ताव नामंजूर

**श्रीनगर।** पीडीपी के नेता वहीद पारा की ओर से जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की बहाली और उसके प्रबंधन की जिम्मेदारी मुत्तहिंद-ए-मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) को सौंपने की मांग वाला प्रस्ताव विधानसभा में मतदान के दौरान नामंजूर हो गया। पारा ने एक्स पर लिखकर इस विषय में जानकारी देते हुए कहा कि पीडीपी विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर से औपचारिक रूप से आग्रह करेगी कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव को विधाई कार्य में शामिल करें। यह एक संवेदनशील, आस्था से जुड़ा मुद्दा है, जिस पर बहस होनी चाहिए और इसे स्थानीय धार्मिक नेतृत्व के पास वापस भेजा जाना चाहिए। इससे पहले जम्मू-कश्मीर विस अध्यक्ष ने पारा द्वारा पेश किए गए दो निजी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया था, जिनमें से एक में वक्फ बोर्ड की बहाली और कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले धार्मिक समूह एमएमयू द्वारा इसके प्रबंधन की मांग की गई थी।

### एसबीआई को मिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** एसबीआई को अमेरिकी फिनटेक कंपनी ग्लोबल फाइनेंस ने साल 2025 के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक और भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार दिया है। देश के सबसे बड़े सार्वजनिक बैंक को मिली इस वैश्विक मान्यता पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है और कहा है कि वह इसका हकदार है। एसबीआई के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने अमेरिका के वाशिंगटन, डीसी में एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार ग्रहण किए।

# उप्र की राजनीति में एक बार फिर छिड़ा पोस्टरवार

## अखिलेश के जन्मदिन पर सपा कार्यालय के बाहर लगा प्रबल इंजन सरकार का पोस्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर पोस्टरवार छिड़ गया है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय के बाहर एक विशालकाय होर्डिंग ने सबका ध्यान खींच लिया है।

पोस्टर सपा ने भारतीय जनता पार्टी के 'डबल इंजन सरकार' के नारे की तर्ज पर 'प्रबल इंजन की सरकार' का नारा देते हुए राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। यह होर्डिंग सपा के मेंहदावल (संत कबीरनगर) से रहे प्रत्याशी जयराम पांडेय ने लगवाई है। इसमें पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को एक ट्रेन के इंजन के रूप में दिखाया गया है, जबकि पीछे के डिब्बों पर सपा सरकार की योजनाओं के नाम लिखे हैं। इनमें समाजवादी पेंशन योजना, कन्या विद्याधन, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे, लैपटॉप योजना, डायल-100, लखनऊ मेट्रो और मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी योजनाएं शामिल हैं। पोस्टर पर लिखा है एक इंजन, मजबूत इंजन फिर से चलेगी समृद्धि की बयार, जब 2027 में आएगी प्रबल इंजन की सरकार। इसके साथ धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। खास बात यह है कि अखिलेश यादव के दस्तावेजों में जन्मतिथि 1 जुलाई 1973 दर्ज है, लेकिन समर्थक हर साल 23 अक्टूबर को उनका 'वास्तविक जन्मदिन' मनाते हैं। इसी अवसर पर यह रचनात्मक पोस्टर लगाया गया है, जिसमें उन्हें संस्कृत में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई हैं। होर्डिंग में सपा का नया 'पीडीए फॉर्मूला' भी प्रमुखता से दिखाया गया है, पी. प्रगतिशील, डी. दूरदर्शी, और ए. अमनपसंद। पार्टी के कार्यकर्ता इसे सामाजिक न्याय और विकास के नए प्रतीक के रूप में पेश कर रहे हैं। जयराम पांडेय ने बताया कि वह पिछले नौ वर्षों से अखिलेश यादव के जन्मदिन पर इसी तरह के रचनात्मक पोस्टर लगाते आ रहे हैं।

# आसियान शिखर बैठक में समझबूझ कर नहीं जा रहे हैं पीएम मोदी: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि कुआलालम्पुर में होने वाली आसियान शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने वह अलग-थलग महसूस करेंगे, इसलिए सोची समझी रणनीति के तहत इस बैठक में हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आसियान शिखर सम्मेलन की 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालम्पुर में शिखर बैठक होगी निसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कई दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रधानमंत्री इस बैठक में जाएंगे या नहीं। अब तय लग रहा है कि प्रधानमंत्री नहीं जाएंगे। इसका मतलब है कि विश्व नेताओं के साथ गले मिलने, तस्वीरें खिचवाने या खुद को विश्वगुरु बताने के कई मौके गंवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के न जाने की वजह साफ है। वहां राष्ट्रपति ट्रंप मौजूद होंगे मोदी उनके सामने खुद को अलग थलग पड़ता महसूस नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्र में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा में संदेश पोस्ट करना एक बात है। लेकिन उस व्यक्ति के साथ घुलना-मिलना दूसरी बात है और यह सब उस व्यक्ति के साथ आसान नहीं होगा, जिसने 53 बार ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने और पांच बार भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने के वादे का दावा करने वाला बयान दिया है। यह एक तरह से खुद को बचाकर रखने की स्थिति ही होगी। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शायद उस पुराने हिट बॉलीवुड गाने को याद कर रहे होंगे बचके रे रहना रे बाबा, बचके रहना रे।

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं: भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

■ महागठबंधन के पोस्टर से राहुल का फोटो गायब

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को महागठबंधन के प्रेसवार्ता के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो गायब होने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं। पूनावाला ने कहा कि प्रेसवार्ता के गुरुवार को पटना में होने वाली प्रेसवार्ता के पोस्टर में तेजस्वी बीच में दिखाई दे रहे थे, जबकि गठबंधन के अन्य सहयोगियों की छोटी तस्वीरें थीं, लेकिन राहुल गांधी का कोई नामोनिशान नहीं था। श्री पूनावाला ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं के पास न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ़ भ्रम, विभाजन और पद की महत्वाकांक्षा है। पूनावाला ने इस चूक का मजाक उड़ाते हुए कहा कि कल तक तो यही घोषणाएं हो रही थीं कि राहुल गांधी ही चेहरा होंगे, लेकिन अब मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी के लिए कोई सम्मान नहीं बचा है।

इन दलों के गठबंधन को देखिए, न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ़ भ्रम, सिर्फ़ विभाजन और सिर्फ़ पद की महत्वाकांक्षा। उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने इसी मामले पर हमला तेज करते हुए कहा कि राजद ने जानबूझकर कांग्रेस सांसद के नेतृत्व को 'अनदेखा' किया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सुबह 11 बजे निर्धारित पीसी में राहुल गांधी का कोई पोस्टर नहीं था।

## फायर सर्विस केवल आग बुझाने तक सीमित न रहे: योगी

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक्सप्रेस-वे पर हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक तथा जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अग्निशमन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्एक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं तथा सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हों। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउंट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 तथा अराजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्एक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेंडर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन ऑवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किया जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदाई प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

### योगी ने प्रदेशवासियों को दी भैया दूज की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश वासियों को भैया दूज की शुभकामनाएं और बधाई दी है। योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, भाई-बहन के स्नेहिल बंधन और विश्वास की डोर को दृढ़ करने वाले पावन पर्व भैया दूज की सभी को हार्दिक बधाई। यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता और उज्जवल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे, यही प्रार्थना है। गौरतलब है कि यूपी के विभिन्न हिस्सों में आज भाई दूज धूम धाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में पूर्वांचल से लेकर कानपुर, अवध, पश्चिमी यूपी समेत सभी इलाकों में चहल-पहल का माहौल है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 123907
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 152501
प्रति किलो



# सेंसेक्स पहली बार 85,000, निफ्टी-50 सूचकांक 26000 पार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की खबरों से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में जबरदस्त तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 85,000 तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,000 अंक के स्तर को छूकर लौटा।

बाद में तेल एवं गैस, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में गिरावट से बाजार की तेजी कम हुई। सेंसेक्स 860 अंक से अधिक की उछाल के साथ 85,290.06 अंक को छूने के बाद अंत में 130.06 अंक (0.15 प्रतिशत) की बढ़त में 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 235 अंक से ज्यादा की मजबूती के साथ 26,104.20 अंक तक पहुंचने के बाद अंत में 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत ऊपर 25,891.40 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए ए उनके रिकॉर्ड बंद स्तर हैं। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर बाद में दबाव आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.05 फीसदी लुढ़क गए। मीडिया में बुधवार को यह खबर आई थी कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द हो जाएगा। साथ ही, भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में आयात शुल्क की दर 50 प्रतिशत से घटाकर 15.16 प्रतिशत हो जाएगी।

इससे बाजार सकारात्मक निवेश भावना के साथ खुला। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके अलावा बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,308 के शेयर बढ़त में और 1,802 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं, 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सबसे अधिक 3.86 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.43 प्रतिशत, टीसीएस में 2.24, एक्सिस बैंक में 1.90, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.24 और टाइटन में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर आधा से एक फीसदी के बीच चढ़े। इटरनल में सबसे अधिक 2.88 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.75 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.63, अडानी पोर्ट्स का 1.41, आईसीआईसीआई बैंक का 1.35 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.17 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.35 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.72 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी मजबूत हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.40 प्रतिशत फिसल गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.53 प्रतिशत की तेजी रही।

### चांदी रिकॉर्ड हाई से 25,000 सस्ती, सोना 5 दिन में 5,677 गिरा

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ए 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं। इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के आल टाइम हाई पर पहुंची थी।वहीं माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को वित्त-वर्ष 2024-25 में 96.5 मिलियन डॉलर यानी 847 करोड़ रुपए सैलरी मिली। यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी सैलरी है, जो पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत ज्यादा है।

# चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए जबकि गेहूं में टिकाव देखा गया। वहीं दालों और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 14 रिंगिट चढ़कर 4,470 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.79 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत छह रुपए बढ़कर 3,888.78 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। वहीं गेहूं 2,883.12 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

आटे की कीमत आठ रुपए घटकर 3,338.86 रुपए प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपए और सूरजमुखी तेल की 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। सरसों तेल 43 रुपए और सोया तेल 64 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति की कीमत 49 रुपए और पाम ऑयल की 13 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल और उड़द दाल दोनों की औसत कीमत 18.18 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल भी 18 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल 29 रुपए और मूंग दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**SC नाबालिग....** हाईकोर्ट ने इस निर्णय को पलट दिया और कहा कि नाबालिगों को पहले पिता की बिक्री रद्द करने के लिए मुकदमा दाखिल करना चाहिए था। अंतत: शिवप्पा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो नाबालिग को अनिवार्य रूप से मुकदमा दायर करने के लिए बाध्य करता हो। अदालत ने कहा कि यदि नाबालिग का व्यवहार जैसे संपत्ति को स्वयं बेचना स्पष्ट रूप से अस्वीकृति दर्शाता है, तो उसे पर्याप्त माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में मुकदमा दायर करने का दायित्व नाबालिग पर नहीं बल्कि उस व्यक्ति पर होता है, जो पहले के सौदे से अपने अधिकार खोने का दावा करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि पावर ऑफ अटार्नी रखने वाला व्यक्ति संपत्ति स्वामित्व से जुड़ी व्यक्तिगत जानकारी वाले मामलों में मालिक की ओर से गवाही नहीं दे सकता। इस आधार पर नीलम्मा का दावा भी खारिज कर दिया गया। अदालत ने अंत में कहा कि रुद्रप्पा द्वारा किया गया सौदा वैध नहीं था और नाबालिगों द्वारा समय रहते उसे अस्वीकार करने के कारण नीलम्मा को कोई अधिकार नहीं मिला।

**केदारनाथ...** (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सहित जिला प्रशासन, तीर्थ पुरोहितों और हक हकूकधारियों ने पूर्व द्वार से मंदिर के गर्भगृह परिसर में प्रवेश किया तथा समाधि पूजा में शामिल हुए। यज्ञ-हवन समाधि पूजा के पश्चात, पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ के स्वंभू शिवलिंग को समाधि रूप दिया। स्थानीय पुष्पों कुमजा, बुकला, राख सहित ब्रह्म कमल, शुष्क फूल पत्तों से ढक दिया गया। जय बाबा केदार के उदघोष के साथ मंदिर गर्भगृह बंद हुआ। मुख्यमंत्री तथा बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की उपस्थिति में प्रात: साढ़े आठ बजे मंदिर का पूर्वी तथा दक्षिण द्वार बंद हो गया। इसके बाद पंचमुखी डोली को बाहर मंदिर परिसर में लाया गया तथा डोली ने श्री केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा के पश्चात प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंचमुखी डोली के साथ प्रस्थान किया। श्री धामी ने बाबा केदार के कपाट बंद होने के अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शुभकामनाएं दी।

### चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस नौ नवम्बर से दिल्ली के लिए दोबारा शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस आगामी नौ नवम्बर से दिल्ली और शंघाई के बीच दोबारा उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शनिवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से शंघाई की उड़ान शाम 7:55 बजे और शंघाई से वापसी की उड़ान स्थानीय समय के अनुसार अगले दिन सुबह 4:10 बजे रवाना होगी। दोनों देशों के बीच पांच साल से भी ज्यादा समय के बाद कोई सीधी उड़ान शुरू हो रही है। ईस्टर्न एयरलाइंस दोबारा भारत के लिए उड़ान शुरू करने वाली पहली चीनी एयलाइंस है। भारतीय विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने 26 अक्टूबर से कोलकाता से चीन के ग्वांग्झू के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। कोविड-19 महामारी से पहले दोनों देशों के बीच 500 से अधिक उड़ानों का परिचालन किया जा रहा था, लेकिन साल 2020 में महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। इस बीच, टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस अगले महीने से चीन के लिए उड़ानों की घोषणा कर सकती है। चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस शंघाई-दिल्ली मार्ग पर एयरबस ए330-200 विमान का संचालन करेगी जो इन-फ्लाइट वाई-फाई से लैस होगा।

# अनुशासनहीनता के आरोप में बसपा नेता समसुद्दीन रायनी पार्टी से निष्कासित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। पार्टी की अनुशासन समिति की सिफारिश पर उन्होंने कद्दावर मुस्लिम नेता समसुद्दीन रायनी को बसपा से निष्कासित कर दिया है।

रायनी पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और गुटबाजी में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के स्तर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रायनी को कई बार संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। पार्टी हितों के विपरीत आचरण और अनुशासनहीनता के चलते उन्हें संगठन से बाहर किया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि मायावती अब संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे लाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। निष्क्रिय और गुटबाजी करने वाले नेताओं पर एक के बाद एक कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले भी बसपा में कई जिलों और मंडलों में बड़े फेरबदल किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि समसुद्दीन रायनी बसपा में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बाद उन्हें पार्टी का बड़ा मुस्लिम चेहरा माना जाता था। वह लखनऊ और कानपुर मंडल के प्रभारी थे और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती थी। सूत्रों के अनुसार बीते कुछ महीनों से रायनी के खिलाफ लगातार शिकायतें आ रही थीं, जिनकी समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवती को उठाकर ले गया गुलदार

## पुलिस व वन विभाग की टीम के साथ सैकड़ों किसान दिन भर करते रहे तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नन्हेड़ा में मां और बहन के साथ जंगल गई युवती को शौच के दौरान गुलदार उठाकर ले जाने की आशंका के चलते हड़कंप मच गया। सूचना पर वन विभाग की टीम व ग्रामीणों ने युवती की तलाश की। शाम तक युवती का कोई अता-पता नहीं लग सका है। ड्रोन कैमरे से भी सर्च किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के गांव राजपुर नन्हेड़ा में साक्षी (20 वर्ष) पुत्री योगेश कुमार आज सुबह अपनी मां विनोद देवी व बहन पूजा के साथ खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। मां विनोद देवी ने बताया कि गांव से दक्षिण दिशा में जंगल में चकरोड के रास्ते में तिराहे पर साक्षी रूक गई और खेत की नाली में पानी देखकर वह शौच के लिए खेत में गई थी। वह और पूजा चकरोड में बैठ गई। खेत में जाने के बाद उसने तीन बार बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई। जिससे साक्षी की मां व बहन घबरा गई और तुरंत खेत की ओर गई। गन्ने के खेत में कोई चीज उससे खींचकर ले जाने का एहसास हुआ। युवती को गुलदार के उठाकर ले जाने की आशंका के चलते शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर किसान खेत की ओर दौड़े, लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चला। गुलदार के उठा ले जाने की सूचना पर तुरंत वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और साक्षी की तलाश की। ग्रामीणों व वन विभाग अधिकारियों व पुलिस आदि ने जंगल में गन्ने के खेतों में उसकी तलाश की। ड्रोन कैमरे से भी सर्च किया गया, लेकिन शाम तक कोई अता-पता नहीं लग सका है। सूचना पर धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ अभय कुमार पांडेय भी मौके पर पहुंचे। साथ ही वन विभाग की टीम व पुलिस टीम ने ड्रोन कैमरे उड़ाकर युवती की तलाश शुरू की। पुलिस व वन विभाग की टीम के साथ सैकड़ों किसान युवती की तलाश में लगे हैं।



### ड्रोन कैमरे की बैट्री डाउन, सर्च अभियान रूका

**नहटौर।** सर्च अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे सिस्टम की बैट्री डाउन होने पर सर्च अभियान को रोक दिया गया। अधिकारियों ने बैट्री चार्ज होने पर दोबारा से सर्च अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए है।

## देहरादून में मिली युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जिस युवती को घंटों तक पुलिस व वन विभाग की टीम जंगल में तलाशती रही वह देहरादून में मिली। दरअसल राजपुर नन्हेड़ा में परिवार के साथ जंगल गई युवती को गुलदार उठाकर ले जाने की सूचना पर वन विभाग व पुलिस उसे जंगल में ढूंढते रही, लेकिन साक्षी देहरादून पहुंच गई। देहरादून में उसके होने की सूचना पर पुलिस देहरादून के लिए रवाना हो गई है। वन विभाग व पुलिस ने राहत की सांस ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव राजपुर नन्हेड़ा निवासी योगेश की 20 वर्षीय पुत्री साक्षी अपनी मां विनोद देवी व बहन पूजा के साथ जंगल गई थी और वह जंगल में शौच के लिए एक ईख के खेत में चली गई। कुछ देर बाद उसकी मां व बहन ने गुलदार के उठा ले जाने की बात कहते हुए शोर मचा दिया। इसके बाद वन विभाग व पुलिस और ग्रामीणों ने ईख का चप्पा-चप्पा छान दिया, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं लग सका। ग्रामीण व वन विभाग की टीम उसे जंगल में तलाशती रही। गुरुवार की सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक वन विभाग व ग्रामीण जंगल में उसे तलाशते रहे। शाम के समय उसके भाई सचिन के नंबर पर देहरादून से साक्षी का फोन आया कि वह देहरादून में है, जिसको लेकर वन विभाग व पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस देहरादून के लिए रवाना हो गई है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने कहा कि साक्षी के देहरादून में होने की सूचना मिली है। पुलिस उसको लेने के लिए रवाना हो गई है।

## पुलिस की सतर्कता से नगर में यातायात व्यवस्था रही दुरुस्त



### सीओ और पुलिस बल ने संभाली व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भैया दूज पर्व के अवसर पर चित्तौड़गढ़ चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए जहां सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कमान संभाली।

पर्व के कारण सुबह से ही चित्तौड़गढ़ चौराहे पर वाहनों का भारी दबाव था। खासकर दूज करने वाली बहनों के वाहनों की संख्या अधिक थी। जाम की स्थिति को टालने के लिए सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थानाध्यक्ष अवनीत मान नैन ने पुलिस बल के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। यातायात को बाधित होने से रोकने के लिए पुलिस ने आगे बढ़ी हुई दुकानों को भी पीछे हटवाया। इस सतर्कता के कारण वाहनों का अत्यधिक दबाव होने के बावजूद चित्तौड़गढ़ चौराहे पर एक भी बार जाम नहीं लगा।

पुलिस की मुस्तैदी के चलते पूरे दिन यातायात सामान्य रूप से चलता रहा और किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

## शहर में लगे भीषण जाम से राहगीर परेशान

### घंटों तक फंसे रहे जाम में वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में भाई-दूज के दिन जगह-जगह भीषण जाम देखने को मिला। घंटों तक लोग अपने वाहनों के साथ जाम में फंसे नजर आए। जाम की वजह से लोगों का गाड़ियों के साथ-साथ पैदल चलने वाले व्यक्तियों को भी जाम में फंस कर परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

नगर के व्यस्ततम चौराहे, ओवर ब्रिज पर अक्सर जाम लगा रहता है। डबल फाटक स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज पर देखते ही देखते भीषण जाम लग गया। जाम लगने से वाहन स्वामी घंटों तक जाम में फंसे रहे। थम्स अप चौराहे पर पैदल चलने वाले के लिए भी जगह नहीं मिली। नगर के व्यस्ततम चौराहे पर जगह-जगह लगे जाम में कई स्थानों पर दिन भर भीषण जाम लगा रहा। जाम से निकलने के चक्कर में ई-रिक्शा चालकों व बाइक सवारों ने हालत और ज्यादा खराब कर दी। इससे लोगों को पैदल निकलने के लिए भी जगह नहीं मिल सकी। नगर के व्यस्ततम चौराहों पर जाम के कारण जाम का असर फ्लाई ओवर ब्रिज पर भी दिखाई दिया। बताते चले कि डबल फाटक स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज पर अक्सर जाम देखने को मिलता है, जिसमें कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं। जिससे एंबुलेंस को भी घंटों तक खड़ा रहना पड़ता है। भाई-दूज के दिन दिन भर नगर में भीषण जाम की समस्याओं से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम को खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



## राईन को निकालने से भी नहीं सुधरेगी बसपा की सेहत

### दलितों व मुस्लिमों में नहीं रहा पार्टी का मजबूत जनाधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चर्चित नेता शम्सुद्दीन राईन को बाहर का रास्ता दिखाए जाने से भी बसपा की सेहत में कोई सुधार नहीं होगा। क्योंकि वह न तो जमीनी नेता है और न ही पार्टी का दलितों व मुस्लिमों में पूर्व के जैसा मजबूत जनाधार है। बसपा से कब किस को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए, इसकी भी कोई गारंटी नहीं होती है।

मालूम हो कि बसपा हाईकमान के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने वर्तमान में लखनऊ एवं कानपुर मंडल के प्रभारी शम्सुद्दीन राईन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। शम्सुद्दीन राईन पूर्व में पश्चिमी उ.प्र. के प्रभारी भी रह चुके है। पार्टी में उनका बड़ा रुतबा था। खासतौर पर पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के जाने के बाद बसपा में उनकी हैसियत में इजाफा हुआ था। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व उनकी एक वीडियो भी वायरल हुई थी। एक टीवी चैनल के द्वारा उनका स्टिंग आपरेशन भी किया गया था। उन पर टिकटों में सौदेबाजी के गंभीर आरोप भी लगे थे। हालांकि यह आरोप बसपा के लिए नए नहीं है। बसपा में जिस तरह से पूंजीपतियों को टिकट दिए जाते है और उसके प्रत्याशी वोट कटवा साबित हो कर रह जाते है, उससे भी इन आरोपों को बल मिलता रहा है। बसपा हाईकमान के नजदीक जो भी नेता रहता है और जिस पर टिकटों के लिए जिम्मेदारी सौंप दी जाती है, उस पर इस तरह के आरोप बरसों से लगते रहे है। टिकट दिलवाने वालों के चेहरे तो जरुर बदलते रहे है, मगर आरोप कभी भी नहीं बदले। बसपा में शम्सुद्दीन राईन जैसे कई नेता मौजूद है। उन्हें जरूरत के हिसाब से हाईकमान के द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। गंभीर बात यह है कि न तो इन नेताओं का अपना कोई वजूद है और न ही यह वार्ड मैम्बर व ग्राम प्रधान का चुनाव जीत सकते है। जनाधार न रखने वाले नेता 'वसूली अमीन' की भूमिका जरूर बेहतर ढंग से निभा लेते है। इसी वजह से प्रदेश में बसपा का जनाधार लगभग खत्म हो चुका है। आज बसपा की हैसियत इतनी नहीं है कि वह अपने दम पर एक सांसद भी बना सके। बसपा को एक वक्त में प्रदेश की सबसे मजबूत पार्टी माना जाता था। संस्थापक कांशीराम ने बसपा की शुरूआत एक मिशन के तौर पर की थी। उन्होंने दलितों, पिछड़ों एवं मुस्लिमों को साथ लेकर चलते हुए एक आंदोलन खड़ा किया था। मगर मायावती ने सत्ता की खातिर सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय का नारा दे दिया। इस बारे में बसपा को ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा। अलबत्ता नुकसान जरूर हो गया। इस नुकसान की भरपाई नहीं हो पा रही है। अलबत्ता नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है। जिस तरह की बयानबाजी हो रही है और विरोधी नेता इन बयानों को हवा देते है, उससे बसपा का नुकसान बढ़ता जा रहा है। फिलहाल तो जिस शम्सुद्दीन राईन को बाहर का रास्ता दिखाया गया है, उसे कब वापस लिया जाएगा, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। पूर्व में पार्टी से कई नेता इस तरह से निकाले गए है और बाद में उन्हें वापस ले लिया गया है।



## ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से निजी बस चालक परेशान

**नगीना।** ई-रिक्शा चालकों की मनमानी और जिम्मेदारों की अनदेखी से निजी बस चालक, परिचालक परेशान हैं। उनका कहना है कि अगर इस ओर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो सभी बसों का संचालन रोकने पर मजबूर होंगे।

निजी बस के एक चालक का कहना है कि नगीना से धामपुर आदि मार्गों पर ई-रिक्शा चालक सवारियों को बैठाकर ढो रहे हैं। आरोप लगाया कि बसों के आगे रिक्शा लगाकर सवारियां बैठा लेते हैं। एक बस मैनेजर ने बताया कि मना करने पर ये लोग झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। निजी बस चालकों का कहना है कि ई-रिक्शा शहर, कस्बों के भीतर चलने चाहिए लेकिन रिक्शा चालक उन्हें मुख्य मार्गो पर दौड़ाते रहते हैं। इनके कारण बस का खर्चा निकलना भी मुश्किल हो रहा है। रोड टैक्स, बीमा, चालक, परिचालक सहित कई तरह के खर्चे हैं, जिनका निकलना अब मुश्किल हो रहा है। कभी कभार अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दी जाती है। इससे एकाध दिन शांत रहने के बाद फिर ऑटो व ई-रिक्शाएं मुख्य मार्गो पर चलने लगते हैं। यह दुर्घटना को दावत तो देते ही हैं। साथ में निजी बसों का नुकसान भी कर रहे हैं। सभी का कहना है कि इस ओर गंभीरता से ध्यान देते हुए समस्या का समाधान कराया जाए।

## राकेश टिकैत ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज यहां पहुंचे। उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे जितेंद्र पहलवान के घर पहुंच कर उनके निधन पर दुखी मन से परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने जितेन्द्र पहलवान के द्वारा दिए गए योगदान को भी याद किया। वह लगभग 25 सालों तक संगठन में रहे ठाकुर गजेंद्र सिंह के घर भी गए। उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, विनीत चौधरी, आशु चौधरी, जितेन्द्र कुमार, डॉ. विजय सिंह आदि भी मौजूद थे।

## बाइक चोर फरमान अरेस्ट

**बिजनौर।** जनपद गौतम बुद्धनगर के ग्राम बाल अकबरपुर निवासी नितिन कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने कल शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसकी बाइक संख्या डीएल 13 एसओ 2794 को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 303 (2) एवं 317 (2) बीएनएस में अभियोग संख्या 887/2025 को पंजीकृत किया था। पुलिस ने थाना हीमपुर दीपा के ग्राम सबदलपुर निवासी फरमान पुत्र कलाम को गिरफ्तार कर बाइक को बरामद कर लिया है। अभियुक्त फरमान का आपराधिक इतिहास भी है।

## पुलिस ने मिट्टी के अवैध खनन के दौरान डम्पर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद क्षेत्र में अभी रेत-बजरी का अवैध खनन बंद नहीं हो पाया था। इसी बीच क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन खुलेआम शुरू हो गया है।

ताजा मामला समीपुर जंगल का है, जहां जेसीबी मशीनों से मिट्टी खोदकर डंपर भरे जा रहे थे। इसी दौरान नजीबाबाद थाने के दो पुलिसकर्मियों ने खनन में लिप्त डंपर को मौके पर ही रोक कर उसे मंडी समिति चौकी के कब्जे में दे दिया। पुलिस ने पूरे प्रकरण की सूचना तत्काल डीएम बिजनौर को भेज दी। जब मौके पर कुछ मीडिया कर्मी कवरेज के लिए पहुंचे तो खनन माफिया अपने आप को किसान यूनियन का नेता बताते हुए पत्रकारों से उलझ गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त व्यक्ति किसान यूनियन के नाम का दुरुप्रयोग करते हुए अवैध खनन में लगातार सक्रिय है।

इस पूरे मामले की शिकायत जल्द ही किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष से करने की बात कही गई। ग्राम के लोगों का कहना है कि मिट्टी माफिया पुलिस-प्रशासन पर रौब गालिब कर अपने धंधे को खुलेआम चला रहे हैं। इस मामले में तहसील प्रशासन की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मीडियाकर्मियों ने इस मामले में कार्रवाई न होने पर इसकी लखनऊ तक शिकायत करने की बात कही है।

## श्रद्धा के साथ मनाया भैया दूज

### भाईयों की लंबी उम्र की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भैया दूज का त्यौहार आज पूरे जनपद में श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों का तिलक कर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

प्राप्त समाचार के अनुसार दीपावली के त्यौहार के क्रम में आज भैया दूज का त्यौहार पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। जबकि भाईयों ने भी बहनों को अपनी क्षमता के अनुसार उपहार दिए। बहनों ने भाईयों को मिठाई खिलाई। बहनों एवं भाईयों के बीच पवित्र रिश्ते को रेखांकित करने वाले इस त्यौहार को लेकर सुबह से ही पूरे जनपद खुशनुमा माहौला देखा गया। कई जगह विवाहित बहनें अपने भाईयों के घर गई और कहीं पर भाईयों ने अपनी बहनों के घर पहुंच कर उन्हें क्षमता के मुताबिक उपहार दिए। बहनों एवं भाईयों के बीच स्नेह देखा गया।



## एक नजर

### ट्रैक्टर के नीचे दब कर बालक की मौत

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा चौधर निवासी कामिल अंसारी का तीन वर्षीय पुत्र शायान घर के सामने सड़क किनारे खड़ा था। तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने शायान को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगने के बाद शायान ट्रैक्टर के नीचे आ गया। शायान की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने शायान को उठाया और ट्रैक्टर चालक को आवाज दी, लेकिन ट्रैक्टर चालक नहीं रुका। कुछ दूरी पर जाकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। परिजनों ने घटना की तहरीर थाना कोतवाली देहात में दी है। शायान की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### टूटी पुलिया दे रही हादसों को दावत



**हल्दौर।** मौहल्ला अल्लाबाला में टूटी हुई पुलिया दुर्घटना को न्योता दे रही है। यह पुलिया कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से इसकी शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर पालिका की जिम्मेदारी है कि वह शहर की सड़कों और पुलियों की रखरखाव करे और उन्हें सुरक्षित बनाए। लेकिन इस मामले में नगर पालिका अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि वह तुरंत टूटी हुई पुलिया की मरम्मत कराए और इसे सुरक्षित बनाए। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### बस अड्डे पर जाम से परेशानी



**अफजलगढ़।** भैया दूज के त्यौहार पर शाम पांच बजे नगर के बस अड्डे पर जाम लग गया, जिससे यात्रियों और आमजन को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वाहनों की लंबी कतारें लग गई। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने बताया कि बस अड्डे पर पुलिस पिकेट न होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हुई। भैया दूज पर बहने भी समय पर अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाई। वहीं बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। नगर वासियों ने बस स्टैंड स्थित जसपुर तिराहा पर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है।

### मोहित सहित तीन गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम बवनपुरा निवासी मोहित पुत्र राजपाल, अंकुर उर्फ अंकुल पुत्र महेंद्र एवं सुनील पुत्र विजेंद्र को गिरफ्तार किया है। ग्राम गुड़ियापुर निजामपुर खोड़ा निवासी आशो देवी पत्नी संजीव ने गिरफ्तार नामजद तीनों व्यक्तियों सहित 10 अन्य अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध घर में घुस कर जानलेवा हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों से हमले में इस्तेमाल सरिया भी बरामद कर लिया है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### मंडावर में बिलाल बरामद

**बिजनौर।** मंडावर के मौहल्ला अचारजान निवासी मौहम्मद आसिफ पुत्र मौहम्मद आलम ने आज थाने में तहरीर दी थी कि उसका पुत्र बिलाल नाराज होकर घर से कहीं चला गया है। कल घर से गए बिलाल के मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 234/2025 पंजीकृत किया था। पुलिस ने आज बिलाल को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। परिजनों ने राहत की सांस ली है।

### भरत विहार का कृष्णपाल अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने भरत विहार कॉलोनी निवासी कृष्णपाल पुत्र बलवीर सिंह को गिरफ्तार किया है। ग्राम दीपावाली निवासी कोमल सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह ने कृष्णपाल, उसके पुत्र लक्की एवं पत्नी निर्देश के विरूद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### मानियावाला का शुएब अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना नगीना देहात में नौ अक्टूबर को वादी ने तहरीर दी थी कि ग्राम बड़ी बनी निवासी सादमान पुत्र इरफान अंसारी उनकी पुत्री को मगा कर ले गया है। अभियोग पंजीकृत कर पुलिस के द्वारा जब विवेचना की गई, तो अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी मौहम्मद शुएब पुत्र नसरूद्दीन का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने शुएब को गिरफ्तार कर लिया है। इस अभियोग में धारा 87 बीएनएस की भी वृद्धि की गई है।

### मुकीमपुर का नईम अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम मुकीमपुर धर्मसी उर्फ खेड़ा निवासी नईम पुत्र शफीक को गिरफ्तार किया है। ग्राम के ही निवासी सलीम अहमद पुत्र शब्बीर अहमद ने नईम सहित मौनीन, यामीन, निजामु और वसीम के विरूद्ध उस पर व उसके भतीजे दानिश पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अन्य फरार आरो. पियों की तलाश कर रही है।

### बेगावाला चौकी के दो पुलिसकर्मी सस्पैंड

**बिजनौर।** एसपी ने पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं से मारपीट के मामले में दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस की मौजूदगी में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बिजनौर के मौहल्ला मिर्दगान निवासी सईदा पत्नी मोईन 13 अक्टूबर को अपने मृतक पुत्र फैसल की ससुराल में अपने नौ माह के पौत्र फैज को देखने गई थी। सईदा विवाद से बचने के लिए बेगावाला चौकी से दो कांस्टेबिल, हेड कांस्टेबिल लोकेश कुमार व सिपाही विमल को साथ लेकर गई थी। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में मृतक पुत्र के ससुरालियों ने गाली गलौच व मारपीट की थी। मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में दोनों पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने हुए हैं। शिकायत पर एसपी ने सीओ सिटी को जांच सौंपी थी। जांच में लापरवाही सामने आने पर एसपी अभिषेक झा ने दोनों को सस्पेंड कर दिया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# बिजली की कटिया लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

## जमकर चले लाठी-डंडे, दस घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली के ग्राम चंदपुरी में बिजली की कटिया लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल दस लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चंदपुरी निवासी अशोक पुत्र राजेश ने अपने घर की छत से देखा कि पड़ोसी शिवम पुत्र रामपाल, अंकित पुत्र कैलाश और कमल पुत्र राजेंद्र बिजली के खंभे पर चढ़कर कटिया डाल रहे थे। अशोक ने बिजली चोरी का विरोध किया, जिस पर तीनों युवक भड़क गए और अशोक के साथ गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर अशोक के परिवार के सदस्य और कुछ ग्रामीण उसे बचाने पहुंचे, जिसके बाद दूसरे पक्ष से भी लोग आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे और पथराव शुरू हो गया। इस झगड़े में राजू, नरेंद्र, जितेंद्र, रवि, अंकित, मोनू और दो महिलाओं सहित कुल दस लोग घायल हुए। सभी घायलों को पहले स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर ले ली है और घायलों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस मारपीट और हंगामे का एक लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते और पथराव करते दिख रहे हैं।

# खुडहेड़ी की टीम ने ढोलापुरी को हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम सोफतपुर के स्पोर्ट्स अकादमी मैदान में बीती रात्रि खेले गए मैच में खुडहेड़ी टीम का मुकाबला ढोलापुरी टीम से हुआ।

खुडहेड़ी टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में सात विकेट पर 62 रन बनाएं, जिसमें खिलाड़ी बल्लेबाज मंजीत ने 22 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाज कैलाश ने दो विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ढोलापुरी की टीम अपने निर्धारित 8 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 42 रन ही बना सके। खुडहेड़ी की टीम ने मैच में 20 रनों में जीत दर्ज की। जबकि गेंदबाज दिव्यांशु ने 5 विकेट झटके। आयोजकों की ओर से दिव्यांशु को मैन ऑफ द मैच प्लेयर घोषित किया गया। मैच के अंपायर मोहित और आसिफ रहे। इस दौरान संजीव, कपिल राणा, शालू, हनी जटराणा, ऋषभ, धर्मेन्द्र, अरुण कुमार, मोहित, टीनू, हर्ष, अजय, अमित, नीरज आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस अड्डे पर उमड़ा जनसैलाब

**बिजनौर।** आज भैया दूज के पर्व पर रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों का सैलाब उमड़ पड़ा। विशेष रूप से महिलाओं का हुजूम रहा। जैसे ही कोई बस अड्डे पर आती, यात्री उसकी ओर लपक पड़ते। सीट घेरने के लिए छोटे बच्चों को खिड़की से बस के अंदर धकेल रहे थे। खचाखच भरी बसों में यात्रियों का रेला उमड़ पड़ता। सुबह से ही अड्डे पर यात्रियों की भीड़ रही। हालांकि रोडवेज ने भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाने की व्यवस्था की, लेकिन यात्रियों की संख्या के सामने बसें नाकाफी रहीं। उधर, सड़कों पर दुपहिया वाहन दौड़ते रहे।

## एक नजर

### भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**शेरकोट।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक भैया दूज का त्यौहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगल तिलक के लिए बुधवार शाम से ही भाई अपनी बहनों के घर और बहनें अपने भाइयों के घर जाने लगी थी। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाई के सुखी जीवन के लिए अक्षत, कुमकुम आदि से अष्टदल कमल बनाया और यमराज की विधि-विधान से पूजा की। मान्यता है कि यमराज हर वर्ष अपनी बहन यमुना से मिलने उनके घर जाते थे। यमुना ने उनसे वरदान मांगा था कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को जो बहन अपने घर पर भाई तिलक लगाकर भोजन कराएगी उसे यम का डर न हो। तब से भाई दूज मनाया जाने लगा। भैया दूज त्यौहार के दृष्टिगत मिठाई और गोले आदि की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। लोगों ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से एक-दूसरे को भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। सड़क सुरक्षा के लिहाज से विभिन्न प्वाइंटों पर पुलिस मुस्तैदी से तैनात रही

### निर्वाण महोत्सव दीपावली के रूप में मनाया



**नजीबाबाद।** श्री दिगम्बर जैन सरजयती व पंचायती मंदिर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी निर्वाण (मोक्ष) महोत्सव कार्तिक कृष्ण अमावस्या को दीपावली रूप में मनाया गया। बताया गया कि भगवान महावीर स्वामी ने 72 वर्ष की आयु में मोझ प्राप्त किया था। भगवान महावीर स्वामी के संघ में 14000 साधु 36000 साध्वी 1 लाख श्रावक 3 लाख श्राविकाए थी। जैन ग्रंथ के अनुसार वह वर्तमान अवसर्पिणी काल के अतिम तीर्थकर थे। जैन श्रावक-श्राविकाओं ने सामूहिक निर्वाण पेजा कर लाडू अर्पित किया। भगवान महावीर पावापुरी (बिहार) से मोक्ष पधारे थे, उनके साथ काफी दिव्या आत्माएं मोझ गई थी। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, भंडारी निशु जैन, राहुल जैन, पुनीत जैन, नमन जैन, राजीव जैन, जनेश्वर जैन, पारसनाथ जैन, अनूप जैन, मीनाक्षी जैन, रैना जैन, मंजू जैन, कुमकुम जैन, पूनम जैन, संध्या जैन, वंदना जैन, संतोष जैन, सुनीता जैन, भाकिव जैन, वीर जैन, नीरज जैन, नमन जैन, ज्ञानचंद जैन सहित समाज के काफी लोग उपस्थित रहे।

# बिना हेलमेट बाइक सवारों की मौतें

## अफजलगढ़-जसपुर हाईवे पर छह माह में कई हादसे, प्रशासन पर सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले के अफजलगढ़-जसपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते छह माह में सड़क हादसों में दो सगे भाइयों सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इन दुर्घटनाओं में दर्जनों लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई गंभीर रूप से घायल होकर अपनी चेतना खो चुके हैं या अपंग हो गए हैं।

प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार इन हादसों का मुख्य कारण दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग न करना है। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार चेकिंग और चालान काटे जाने के बावजूद, बाइक और स्कूटी सवार हेलमेट का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। सरकार के 'नो हेलमेट नो फ्यूल' के सख्त आदेशों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, जहां पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के ईंधन बेचा जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ई-रिक्शा भी दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बन रही हैं। मुरादाबाद मंडलायुक्त के दिशा-निर्देशों को दरकिनार करते हुए, ये ई-रिक्शा सामान, यात्रियों और स्कूली बच्चों से ओवरलोड होकर राजमार्ग पर तेज रफ्तार से चल रही हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि जनपद बिजनौर के अधिकारी इस गंभीर स्थिति पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं।

इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक सिंह ने बताया कि बिना हेलमेट के पेट्रोल बेचने वाले पेट्रोल पंपों पर जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एसडीएम धामपुर स्मृति तिवारी ने मोबाइल कॉल पर बताया कि संबंधित अधिकारियों को इस स्थिति से अवगत करा दिया जाएगा।

# भाकियू पदाधिकारियों को चर्चित होटल में कई संदिग्ध युवक-युवतियां मिले

## डीएम से की गई शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के हरिद्वार रोड स्थित एक चर्चित होटल विवादों में घिरता जा रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के पदाधिकारियों को होटल में कई युवक व युवतियां संदिग्ध अवस्था में मिले। जिसकी सूचना फोन पर तत्काल पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दी, लेकिन किसी भी अधिकारी ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा। इसके बाद भाकियू पदाधिकारियों ने इस पूरे मामले की जानकारी जिलाधिकारी बिजनौर को दी। डीएम के स्टेनो ने फोन पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी बीच शहर के कई लोग भी मौके पर पहुंच गए और होटल प्रबंधक के पक्ष में बैठक करने लगे, जिससे माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि उन्होंने त्यौहार के बीच जनता की आवाज उठाने को प्राथमिकता दी है। त्यौहारों के बाद डीएम व एसपी से औपचारिक मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त चर्चित होटल पहले भी अवैध गतिविधियों को लेकर विवादों में रह चुका है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते होटल संचालक बेखौफ होकर अपना व्यवसाय चला रहा है। भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम से फोन पर संपर्क नहीं हो पाया। वहीं थाना प्रभारी नजीबाबाद का कहना है कि बिना मजिस्ट्रेट के पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकती।

# रेलवे स्टेशन चांदपुर पर समय रहते नहीं मिलता विंडो से टिकट

## डीआरएम से आरटीआई कार्यकर्ता ने की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** वीरेंद्र कुमार राजपूत आरटीआई एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि चांदपुर रेलवे स्टेशन पर समय रहते विंडो से टिकट नहीं दिए जाते जबकि बराबर में लग रही मशीन से टिकट लेने की बात कह कर अपनी बात को टाल दिया जाता है।

रेलवे स्टेशन चांदपुर स्याऊ स्टेशन पर एक टिकट बांटने की मशीन लगी हुई है, जो टिकट खिड़की के बिल्कुल नजदीक है। इस मशीन पर रिटायर्ड स्टेशन मास्टर टिकट बेचते हैं। शिकायत यह है कि स्टेशन की खिड़की या तो बंद रहती है या खिड़की के सामने सीट पर कोई व्यक्ति नहीं रहता। मजबूरी में सवारियों को मशीन के आगे ही लाइन लगानी पड़ती है। रिटायर्ड स्टेशन मास्टर को लाभ पहुंचाने की नियत से तैनात स्टेशन मास्टर खिड़की पर नहीं बैठते। कोई टिकट मंगता है तो कहते हैं बराबर मशीन से ले लो। टिकट खिड़की पर टिकट खिड़की भी लिखा हुआ नहीं है। इसी टिकट बांटने वाली मशीन को टिकट खिड़की से दूर लगाया जाए। साथ ही स्टेशन की खिड़की पर टिकट खिड़की लिखवाया जाने एवं तैनात स्टेशन मास्टर अथवा टिकट वितरक को टिकट बांटने के लिए निर्देशित किए जाने की मांग करते हुए शिकायत की जांच करने एवं लापरवाही पकड़े जाने पर संबंधित कर्मचारियों/अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए डीआरएम मुरादाबाद से शिकायत की है।

# नगीना में गोवर्धन और अन्नकूट पूजा संपन्न

## नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक विधि-विधान से किया गया पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** दीपावली के अगले दिन गोवर्धन और अन्नकूट पूजा पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुई। भगवान श्रीकृष्ण में आस्था रखने वाले भक्तों के लिए यह पूजा विशेष महत्व रखती है। यह त्यौहार हर साल कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है।

नगर में गोवर्धन पर्व अन्नकूट के रूप में झाड़खंड महादेव मंदिर और मुक्तेश्वर नाथ मंदिर सहित कई स्थानों पर मनाया गया। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों और पशुओं की रक्षा के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। इस त्यौहार पर भक्त अपने घर के आंगन में गाय के गौबर से गोवर्धन का चित्र बनाते हैं। पूजा के लिए एक थाली में रोली, चावल, खील, बताशे, जल, दूध, पान, केसर, फूल और दीपक रखे जाते हैं। गोवर्धन की पूजा कर सात बार परिक्रमा की जाती है। भगवान कृष्ण की मूर्ति के समक्ष दीप जलाकर आरती की जाती है और श्रद्धा अनुसार भोग लगाया जाता है। इस दिन दूध, दही और शहद मिलाकर पंचामृत का भोग भी लगाया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में चौधरी धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह (सूचना आयुक्त) और अभिषेक कुमार ने अपने पौत्र सहित पूरे परिवार के साथ विधि-विधान से गोवर्धन पूजन किया। उन्होंने सात परिक्रमा कर धन-धान्य, पशुधन और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की अनुमति दी, तो इंद्रदेव क्रोधित हो गए। उन्होंने भारी वर्षा की, जिससे ब्रजवासियों का जीवन संकट में आ गया। तब श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर उन्हें आश्रय प्रदान किया था।

# गृह क्लेश के चलते पिता-पुत्र ने खाया जहरीला पदार्थ

## पुत्र की मौत, पिता की हालत चिंताजनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव जिगनियां भगवंतपुर में बुधवार की रात पिता और उसके 12 वर्षीय पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुत्र की जहां गुरुवार को दर्दनाक मौत हो गई, वहीं उसके पिता की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ग्राम के सेवानिवृत शिक्षक निरंजन देव के पुत्र भूपेन्द्र और उनके 12 वर्षीय पुत्र सोनू बुधवार की रात खाना खाकर ऊपर लेटे थे, जबकि उनकी पत्नी कृतिका देवी और उनकी पुत्री मानसी नीचे लेटे थे। गुरुवार की सुबह जब देखा तो पिता और उनके पुत्र सोनू के मूंह से झाग निकल रहे थे। तत्काल ही उन्हें पीलीभीत ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया था, जहां पुत्र सोनू ने दम तोड़ दिया, जबकि पिता भूपेंद्र अस्पताल में मौत और जिंदगी की बीच झूल रहे हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। दोनों बहन भाई कस्बे के निजी स्कूल में पढ़ते थे, भाई सोनू कक्षा 8, जबकि उसकी वहन मानसी 11 में पढ़ती है। दीपावली की छुट्टी पर दोनों अपने गांव जिगनियां भगवंतपुर आए थे। सूचना मिलने पर कोतवाली के एसएसआई राजेश सिंह पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे और घटना की जानकारी की।

# गाजीपुर में गुलदार दिखने से दहशत का माहौल

**बिजनौर।** ग्राम गाजीपुर में किसान नागेंद्र और सोमेंद्र अपने खेत पर पहुंचे, तो वहां गुलदार का जोड़ा दिखाई दिया। किसानों ने गांव में आकर ग्रामीणों को बताया, तो बड़ी संख्या में ग्रामीण रात में ही खेत पर पहुंच गए। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि भीड़ के काफी शोर शराबा करने के बाद भी गुलदार अपनी जगह से टस से मस नहीं हुए। लगभग आधे घंटे बाद दोनों गुलदार ईख में घुस गए। ग्रामीणों का कहना है गांव में लोग अपने खेतों पर काम करने जाने से भी डर रहे हैं। पहले भी गांव में कई बार गुलदार आबादी क्षेत्र में घुमते हुए देखा गया है। गुलदार गांव के एक कुत्ते को भी निबाला बनाता हुआ कैमरे में कैद हुआ था। लेकिन अब तक गांव में पिंजरा नहीं लगवाया गया। ग्रामीणों ने इस घटना की वीडियों भी बनाई है, जिसमें दोनों गुलदारों को साफ देखा जा सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की है। इस मौके पर बब्लू, अंकित, विक्रांत, दीपक, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे। वन क्षेत्राधिकारी चांदपुर दुष्यंत कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में है। टीम भेजी जा रही है। शीघ्र पिंजरा लगाने की भी व्यवस्था की जाएगी।

# भरी बाजार में बाइक को लात मारकर गिराने वाला दरोगा लाइन हाजिर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भमौरा थाना क्षेत्र में एक दरोगा को बाइक पर लात मारने और लोगों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने यह कार्रवाई की। दरोगा के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

भमौरा थाना क्षेत्र के देवचरा बाजार में सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र राघव ने सड़क किनारे खड़ी आम लोगों की बाइकों को लात मारकर गिरा दिया। इस दौरान उसने लोगों से दुर्व्यवहार भी किया। यह घटना बुधवार को हुई, जब भाई दूज की खरीदारी के लिए देवचरा बाजार में काफी भीड़ थी। दरोगा की इस हरकत का किसी ने वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले का संज्ञान लिया।

उन्होंने बृहस्पतिवार को आरोपी दरोगा नरेंद्र राघव को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने सीओ आंवला नितिन कुमार को मामले की जांच सौंपी है।

इस संबंध में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पुलिसकर्मियों को वैधानिक तरीके से कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन इसकी आड़ में बदसलूकी किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।

# भैया दूज पर जगह-जगह जाम

## दम तोड़ती नजर आई पुलिस की घटिया व्यवस्था




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भैया दूज पर पुलिस की घटिया व्यवस्था जगह-जगह फ्लाप नजर आई। जाम में फंसे नागरिक पुलिस व्यवस्था पर लानत भेज रहे थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज भैया दूज के मौके पर पूरे जनपद में यातायात व्यवस्था ने दम तोड़ दिया। वाहनों के चालान कर यातायात के नियमों का पालन करने की नसीहत देने वाली पुलिस आज खुद कटघरे में खड़ी नजर आई। पूरे जनपद में विभिन्न मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर जाम लगा रहा।

नागरिक घंटों जाम में फंसे रहे। जिसकी वजह से बहन-भाईयों के पवित्र रिश्ते के इस त्यौहार का आनंद भी कम हो गया। शाम को तो जाम ने ज्यादा परेशान किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सड़कों पर निकल कर नागरिकों को हो रही परेशानी का कम कराने का कोई प्रयास नहीं किया। होमगार्डस से यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई।

दूसरी तरफ रोडवेज बसों को व्यवस्था ठीक न होने एवं पर्याप्त बसों को न चलाए जाने की वजह से भाईयों ने अपनी बहनों के पास पहु. चने के लिए प्राइवेट वाहनों एवं बाइ. कों का इस्तेमाल किया। इससे उनके वक्त की भी बचत हुई।

मगर ज्यादातर बाइक सवार बिना हैलमेट के नजर आए। बाइकों पर तीन चार सवारियां भी बैठी नजर आई। शायद पुलिस ने आज उन्हें ऐसा करने की छूट दे रखी थी। यह छूट ऊपर के किसी आदेश से दी गई थी, यह तो वो ही बता सकते है। मगर दोहरा चरित्र जरूर नजर आया।

# मुकदमा वापस न लेने पर पत्नी की अश्लील वीडियो की वायरल

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में तीन साल से पति से अलग रह रही महिला के पति ने मुकदमा वापस न लेने पर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसने वर्ष 2023 में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आरोपी पति किशन और उसके भाई-बहन आए दिन घर में घुसकर गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते रहे।

**नाम संशोधन संबंधी सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरे नाम में त्रुटि के कारण मेरा नाम Miss Anshu के रूप में लिखा गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम Anshu (अन्शु) है। मेरे पति का नाम Late Nar Pal(Regimental Number:- JC300557L) है। कृपया अभिलेखों में मेरा नाम सही रूप में Anshu (अन्शु) के रूप में संशोधित करने की कृपा करें।

गलत नाम:-Miss Anshu, सही नाम:- Anshu (अन्शु), पति का नाम:- Late Nar Pal, इस सूचना को भविष्य में प्रमाण के रूप में प्रयोग किया जा सके, इसलिए इसका प्रकाशन किया जा रहा है।

–Anshu (अन्शु) (पति: Late Nar pal)

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग स्थित चांदपुर चुंगी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर निवासी हेमराज अपने एक साथी के साथ बाइक द्वारा नहटौर से घर लौट रहा था। नहटौर में चांदपुर चुंगी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है। इसके अलावा नूरपुर मार्ग पर चक ईट भट्टे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार ग्राम रघुनाथपुर निवासी नरदेव सिंह पुत्र जसवंत सिंह घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

# सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवक-युवती सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पृथ्वीपुर में ग्राम पंचायत एवं शहरी व ग्रामीण विकास सेवा समिति की ओर से सन् 2025 में गांव के युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत घर पर आयोजित सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी की अध्यक्षता एवं डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' के संचालन में ग्राम पंचायत के शुभम कुमार को सीआरपीएफ, दीशू कुमार को अग्नि वीर, विवेक कुमार, प्रेरणा, हिमेंद्र सिंह, याचिका को पुलिस सेवा में सिपाही, श्रीमती पूजा शर्मा को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री तथा पारुल कुमारी को पुलिस विभाग में दरोगा बनने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी, मुन्नालाल प्रेमी, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह राणा, पत्रकार आलोक भारद्वाज, दिलावर सिंह, छदम्मी सिंह का ग्राम प्रधान पति रोहिताश सिंह, इंजीनियर शुभम शर्मा, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, खुशीराम, शेर सिंह आदि ने फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। तदोपरांत अतिथियों द्वारा इन ग्रामीण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल रहे।

मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है, जो ग्राम प्रधान श्रीमती हिर्देश देवी, पंचायत सेक्रेटरी सुजाता पाल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पृथ्वीपुर एवं मोल्हड़पुर में इतनी बड़ी संख्या में प्रथम बार युवक युवतियों ने सरकारी नौकरी प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर भारी गर्व है, क्योंकि यही मेरी जन्म भूमि है। मुझे लगता है कि यह सब बच्चे मेरे परिवार के ही हैं। रॉबिन चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बड़े गर्व का अवसर है कि हम अपने ही गांव में अपने बच्चों को उनकी मेहनत, लगन और सफलता के लिए सम्मानित कर रहे हैं। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि हमें समय-समय पर बच्चों को जागरूक करने, उनका मार्गदर्शन करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की विशेष आवश्यकता है। ओमवीर सिंह राणा, दिलावर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार आलोक भारद्वाज ने भी अपने संबोधन में कार्यक्रम के आयोजकों की भूरि भूरि प्रशंसा की। डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' ने अपने संबोधन में कहा कि हमें इन सभी बच्चों को सम्मानित कर भारी खुशी हो रही है। गांव के अन्य शिक्षित बच्चों को इन युवाओं/युवतियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बड़ों का मार्गदर्शन, अच्छी शिक्षा, अनुशासन की विशेष आवश्यकता है। रोहिताश सिंह ने कहा कि पंचायत घर पर लाइब्रेरी में सामाजिक ज्ञान एवं प्रतियोगिताओं से संबंधित सभी पुस्तकें उपलब्ध हैं। बच्चों को लाइब्रेरी में बैठकर इस सुविधा का लाभ उठाना चाहिए।

# मिर्जा अब्दुल समी की बरसी पर मुस्लिम फंड में कुरानख्वानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मरहूम मिर्जा अब्दुल समी की 22वीं बरसी के अवसर पर मुस्लिम फंड किरतपुर की भोजपुर शाखा में कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। मरहूम अब्दुल समी, मुस्लिम फंड के सदर मौहम्मद साईम राजा के वालिद एवं फंड के पूर्व सचिव रहे हैं।

भोजपुर शाखा के प्रबंधक शहाब अतहर खान उर्फ कल्लू खान ने बताया कि मरहूम अब्दुल समी ने मुस्लिम फंड कमेटी में सचिव सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और संस्था की तरक्की में उनका विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर कारी सरफराज, कारी इमरान, अब्दुल सत्तार, डॉ. खिजर जावेद खान, जमीर अहमद, मतीन अहमद, अतीक अहमद, मौहम्मद यामीन, नाजिम मलिक, सलीम मलिक, पूर्व प्रधान लईक अहमद, मौहम्मद राशिद, कामरान यूसुफ, आसिफ अली सहित मदरसे के बच्चे मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मरहूम अब्दुल समी साहब की मगफिरत के लिए दुआ की गई।

# महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक

## हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महिलाओं को सशक्त बनाने और बाल सुरक्षा के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने, घरेलू हिंसा का विरोध करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए।

टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश या उत्पीड़न की स्थिति में पुलिस को सूचित करने की प्रक्रिया भी बताई गई। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और एंबुलेंस सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। मिशन शक्ति टीम का कहना था कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में सुरक्षा की भावना जागृत करना और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है।

कार्यक्रम में नगर की अनेक महिलाओं, छात्राओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मिशन शक्ति टीम द्वारा दिए गए संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# सड़क हादसे में दंपति और बच्ची सहित पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर-स्योहारा हाईवे पर ग्राम सरकथल सानी के पास तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रण का शिकार हो गए। मुरादाबाद की ओर जा रही कार और सामने से आ रही मोटरसाइकिल में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दंपति, उनकी बच्ची और कार सवार दंपति घायल हो गए, जबकि एक ऑटो चालक भी घायल हुआ।

जानकारी के अनुसार वेगनार कार मुरादाबाद की ओर जा रही थी। सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार हरिओम सिंह (30 वर्ष) पुत्र गंभीर सिंह निवासी डॉ. अंबेडकर कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद अपनी पत्नी काजल (30 वर्ष) और तीन वर्षीय पुत्री के साथ आ रहे थे। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए और सड़क किनारे उतर गए। पीछे से आ रहा एक ऑटो भी नियंत्रण खो बैठा और पलट गया।

कार में सवार रोहित पाल (32 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम नसीरपुर बनवारी थाना धामपुर और उनकी पत्नी को हल्की चोटें आईं। वहीं मोटरसाइकिल सवार हरिओम सिंह को सिर और कान में गंभीर चोट आई है। उनकी पत्नी और पुत्री भी घायल हुई हैं।

सूचना पर धामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से आयुष्मान अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर रूप से घायल हरिओम सिंह को पाल अस्पताल धामपुर रैफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार हरिओम सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका एमआरआई कराया जा रहा है। उनकी पत्नी और बच्ची का भी उपचार वहीं चल रहा है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल इस मामले में किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच जारी है।

# सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप का संगीतमय कार्यक्रम

## कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** दीपावली के अवसर पर सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप की ओर से एक संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित बारात घर में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत प्रेमी मुख्य अतिथि संदीप कुमार गिलरोत्रा ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात विशाल कुमार ने मौ.रफी का गाया फिल्मी भजन 'सुख में सब साथी दुख मे ना कोय' गाकर संगीतमय शाम की शुरुआत की। इनके बाद कार्यक्रम का संचालन कर रहे शाहनवाज आलम, मुअजज्म अली, मौ.सैफ, निशात अहमद अंसारी उर्फ अमन, जाकिर हुसैन अंसारी, मन गुप्ता, अनामिक गुप्ता आदि ने रफी, मुकेश, मन्ना डे, किशोर कुमार आदि के गाये सदाबहार गानों को गाकर अपनी सुन्दर व दिलकश प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। जबकि नगर के उभरते कवि नमनदीप गिलहोत्रा ने अपनी कविता प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष फरीद अहमद खान एडवोकेट, सभासद दानिश कुरैशी, समाजसेवी आसिफ शेख, आकिल खान भारती एड., अतीक अली जैदी, राशिद मालिक, रिहान अली जैदी, मास्टर आशाराम, शमीम अहमद, नासिर हुसैन, मुमताज अली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन व प्रेस क्लब अध्यक्ष फरीद अहमद खान एडवोकेट ने अपने संबोधन मे नगर में पहली बार आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम के लिए सदाबहार म्यूजिकल ग्रुप की सराहना की। मनमोहक प्रस्तुति के लिए जाकिर हुसैन, मन गुप्ता को शील्ड देकर पुरूस्कृत किया गया।

## फ्लाईओवर पर जाम से परेशानी

**नजीबाबाद।** एक समय था जब डबल फाटक रेलवे क्रॉसिंग दिन में अधिकांश समय बंद रहने से पूरी तरह से जाम की समस्या रहती थी। नजीबाबाद को जाम से निजात दिलाने के लिए डबल फाटक पर फ्लाईओवर बनाया गया था। मगर अब इस फ्लाईओवर पर तीनों ओर से वाहनों के आने से आएदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम में फंसकर लोगों का गर्मी व धूप में बुरा हाल हो जाता है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन व सीकेआई चौराहे पर प्रतिदिन जाम से उधर से आने जाने वाले लोग काफी परेशान हैं। इन दोनों स्थानों पर पुलिस चौकी होने के बावजूद घंटों तक वाहन जाम में फंसे रहते है। रेलवे स्टेशन के आसपास व रोडवेज बस स्टैंड के बाहर जाम का मुख्य कारण काफी संख्या में रोडवेज बस चालकों के अपनी बसों को रोडवेज स्टैंड के अंदर ना ले जाकर बाहर खड़ी करके सवारियां भरना है, जिससे अन्य छोटे वाहन भी जाम में फंसे रहते है।

## एक नजर

### अमन चौहान अरेस्ट



**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराधों के रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री तथा अपने साथ अवैध शस्त्रों को रखने वाले अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस ने अमन चौहान पुत्र जितेंद्र निवासी मौहल्ला शहीद नगर निकट परी गार्डन कस्बा व थाना नूरपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अमन चौहान का चालान कर दिया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** नौबहार सिंह पुत्र स्व. सुरेश सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर थाना बिजनौर द्वारा दी तहरीर में बताया गया था कि अभियुक्त प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह ने उसकी पुत्री पूजा उर्फ शीला (20 वर्ष) को बहला-फुसलाकर भगा लिया था और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इस संबंध में थाना मुजफ्फरपुर पर मु.अ.सं. 409/2025, धारा 85/80(2) बीपीएसएल तथा धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त घटना के बाद से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक पूर्वी धामपुर एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह को ग्राम मधुपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

### साइकिल-बाइक की टक्कर, तीन घायल



**स्योहारा।** अर्सलान (16 वर्ष) पुत्र नौशाद निवासी मौहल्ला मिल्कियान साइकिल से सड़क पार कर रहा था। तभी पारुल पुत्री कमलेश कुमार निवासी ग्राम बुढ़ावाला और परवेश निवासी थाना नगीना बाइक से स्योहारा की ओर आ रहे थे। अचानक हुई टक्कर में तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सीएचसी स्योहारा भिजवाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में सड़क पार करते समय और वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सख्त करने की मांग की है।

## रामपाल सिंह महाविद्यालय में रंगोली प्रति.

**चंदक।** रामपाल सिंह महाविद्यालय चंदक में रंगोली प्रतियोगिता और सजावटी सामान का स्टाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह व सचिव तपराज सिंह देशवाल, डॉ. इला चौधरी, डॉ. शिवानी देशवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली, वॉल हैंगिंग, दिया स्टैंड, कैंडल, बंधरवाल आदि बनाए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, आंचल, सोनाली, हिमानी, द्वितीय करूणा कश्यप, मोहिनी, आंचल, सोनाली, हिमानी, द्वितीय करूणा कश्यप, मोहिनी, हिमांशी व गायत्री, गरिमा, ईरम, तृतीय मंशा, आयशा, कशिश, हुमैरा व प्राची, टीना, पूनम पर रहे। कार्यक्रम में संध्या, हिमानी, निखिल, कुणाल निशु, साक्षी, अभिषेक, कुमकुम तनु, पूजा, अंजलि, मनु शुक्ला, श्वेता छात्र-छात्राओं ने अपना योगदान दिया। प्राचार्या रूबी सैफी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता श्रीमती मीनाक्षी राजपूत व डॉ. रेनू राजपूत, मोनिका सैनी, प्राची कुमारी, वर्षा, दीपक कुमार, डॉ. नीलम शर्मा, प्रिया मलिक, हिमानी रानी, शुभम कुमार, मनोज कुमार, नितिन कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## भैया दूज का पर्व मनाया

**नजीबाबाद।** भाई बहन के अटूट प्रेम व समर्पण का प्रतीक भैया दूज का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली, गौवर्धन का त्यौहार सकुशल संपन्न होने के बाद गुरुवार को भाई बहन के प्रेम का प्रतीक भाईदूज का त्यौहार अटूट रिश्ते व समर्पण की भावना के साथ सौहार्द से मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित कर आरती उतार कर लंबी उम्र की कामना की। भाईयों को मिठाई खिलाकर गोला दिया।

# पहले टक्कर मारी, फिर हमला किया

## बाइक तेज न चलाने की नसीहत देना महंगा पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक।** जिला पंचायत सदस्य मीनू वाल्मीकि के पति मनोज वाल्मीकि की बाइक दूसरी बाइक से टकराने को लेकर हुए विवाद में बाइक सवार युवकों ने मनोज पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार को ग्राम मार्कडेयपुरम उर्फ सुक्खापुर, थाना मंडावर निवासी जिला पंचायत सदस्य मीनू वाल्मीकि के पति मनोज वाल्मीकि दवाई लेने चंदक आ रहे थे। जब वह ग्राम बहादरपुर जट के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार से टक्कर हो गई। आरोप है कि मनोज वाल्मीकि के उसे तेज बाइक न चलाने की नसीहत दी तो गुस्साएं बाइक सवार युवक ने मनोज के सिर में किसी धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि युवक मनोज का मोबाइल फोन भी छीन ले गए। आरोपी युवक मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल मनोज को जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। मनोज की तहरीर पर पुलिस ने वैभव निवासी ग्राम भानी रायपुर, थाना मंडावर व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धामपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का पर्व

## भाइयों की लम्बी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व गुरुवार को नगर में बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें तिलक लगाया और आरती उतारी।

भैया दूज का यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि अर्थात दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पर्व यमराज और उनकी बहन यमुना के ऐतिहासिक प्रसंग से जुड़ा है, इसलिए इसे यम द्वितीया भी कहा जाता है।

सुबह से ही नगर में भाई अपनी बहनों के घर पहुंचने लगे। बहनों ने अष्टदल कमल बनाकर अक्षत, कुमकुम और दीपक के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने यमराज, यमुना, चित्रगुप्त और यमदूतों की विधि-विधान से पूजा करते हुए व्रत का संकल्प लिया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनके सुखी जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर स्नेह व्यक्त किया। मान्यता है कि जिस दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने गए थे, उस दिन यमुना ने उनसे वरदान मांगा था कि जो बहन इस तिथि को अपने भाई का तिलक कर भोजन कराएगी, उसे यम का भय नहीं रहेगा। तब से यह पर्व मनाया जाने लगा। नगर में पूरे दिन रौनक बनी रही। लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्गों पर मुस्तैदी से ड्यूटी दी।



सम्भल-भाईदूज पर्व पर नन्हे भाई को तिलक कर दीर्घायु की कामना करती बहनें।

# असीम स्नेह का प्रतीक हर्षोल्लास के साथ मनाया भाई दूज पर्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाई और बहन के अटूट प्रेम एवं असीम स्नेह का प्रतीक भैया दूज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाईयों के घर पहुंची बहनों ने तिलक किया और दीर्घायु की कामना की। जबकि भाईयों ने बहन की रक्षा का संकल्प दोहराया।

रविवार को भाई ओर बहन के बीच पवित्र अटूट प्रेम व स्नेह का प्रतीक भौई दूज पर्व पर बहनें भाईयों का तिलक करने पहुंची। सुबह से ही बहनों का भाईयों के घर आना-जाना लगा रहा। गोले और मिठाई के साथ आई बहनों ने भैया दूज पर्व पर भाईयों का टीका किया एवं मुंह मीठा कराकर दीर्घायु की कामना की। जबकि भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और तरह-तरह के उपहार देकर बहनों का सम्मान किया। गुरूवार की प्रातः से भाई बहन के बीच आस्था और पवित्र प्यार के प्रतीक भाई दौज पर्व मनाने का सिलसिला देर रात तक जारी रही।

# भाईदूज पर बसों की व्यवस्था भी कम पड़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाई दूज पर्व पर बहन भाईयों के आने-जाने के लिए परिवहन विभाग की अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी कम पड़ गई। बस में सीट पाने के लिए दिन भर मारा-मारी रही।

परिवहन निगम की और से रोज़ाना सम्भल से मुरादाबाद, दिल्ली, आगरा व अलीगढ़ आदि के लिए रोज़ाना बसों का संचालन होता है। गुरुवार को यात्रियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही परिवहन निगम का रोडवेज बस अडडा यात्रियों से खचाखच भरा नजर आया। घर लौटने और त्योहार मनाने जा रहे यात्रियों के कारण बसों में सीटें भरते ही लोग खिड़कियों और दरवाजों से बच्चों व बैगों को अंदर डालते दिखाई दिए। आलम यह रहा कि बहनों को घंटों तक बसों के लिए इंतजार करना पड़ा। त्योहार के मद्देनजर सम्भल डिपो प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई। सामान्य दिनों में चलने वाली बसों की संख्या बढ़ा दी गई। इनमें मुरादाबाद, आगरा, बरेली और मेरठ रूट की बसें प्रमुख रहीं। परिवहन अधिकारी ने बताया कि किसी यात्री को असुविधा न हो, इसके लिए बसें लगातार रवाना की जा रही हैं। त्योहार के दौरान हादसों की संभावना को देखते हुए ड्राइवरों और कंडक्टरों को विशेष दिशा-निर्देश भी दिए गए। रोडवेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। भीड़ और अव्यवस्था के बावजूद अधितर यात्रियों ने राहत की सांस ली कि त्योहार पर उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त बसें मिली। रोडवेज प्रशासन ने बताया कि दीपावली और भाई दूज जैसे त्यौहारों के बाद अगले दो दिनों तक विशेष सेवाएं जारी रहेंगी। जिससे कि वापस आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर की रहने वाली विमला पत्नी तेजपाल अपने घर से किसी काम से बाहर जा रही थीं। जैसे ही वह गांव से सड़क पर पहुंचीं, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में विमला गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान विमला की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर गुन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## जान जोखिम में डालकर दो पहिया वाहनों पर किया सफर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** त्यौहार पर भले ही यात्रियों के आने-जाने के लिए अलग से व्यवस्था की जाती हो,लेकिन जल्दी पहुंचने की होड़ में जान जाने की भी परवाह नही करते। भाई दूज पर्व पर परिवहन निगम की बसों की अतिरिक्त व्यवस्था के बावजूद बसें कम पड़ी तो यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाकर जान जोखिम में डालकर एक बाइक पर चार-चार ने यात्रा की।



सम्भल-हयात नगर थाने का भ्रमण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते।

# भाईदूज को होती है यमतीर्थ की परिक्रमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर में सभी तीर्थो का अपना-अपना इतिहास है अपना अपना महत्व है। कहा जाता है कि पुराणों में बताया गया है। हल्लू सराय बरेली सराय के निकट बने यम तीर्थ की पूजा अर्चना दर्शन परिक्रमा यम द्वितीय अर्थात भाई दूज के दिन होती है।

गुरूवार की सुबह श्रद्वालु एकत्र हुए और रोली-अक्षत-मिष्ठान आदि के साथ मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना की और तीर्थ की परिक्रमा करके आध्यात्म लाभ कमाया। हिंदू धार्मिक ग्रंथों में मान्यता है कि यमुना में भाई बहिन यदि दूज पर्व पर स्नान-पूजन करें तो अगले जन्म में पुनः भाई बहिन बनते हैं और यमुना के समान फल प्रदान करने वाला सम्भल में स्थित यम तीर्थ है। भाई दूज पर यमतीर्थ की परिक्रमा और पूजन का विशेष महत्व है। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा बताते हैं कि जो भाई बहन एक साथ मिलकर यम तीर्थ की पूजा अर्चना दर्शन या परिक्रमा करते हैं वह अगले जन्म में भाई-बहन ही बनते हैं। और उनके लिए यमराज का भय व्याप्त नहीं होता। यूं तो यम तीर्थ चारों तरफ

## ()यमुना के दर्शन कर उठाते हैं लाभ

अनेक माफियाओं ने प्लाटिंग कर दी कब्जा कर लिया लेकिन फिर भी वर्तमान जिला प्रशासन ने नगर पालिका परिषद के माध्यम से उसका जीर्णोद्वार करने का निश्चय किया बहुत कुछ काम हो चुका है कुछ कार्य शेष रहा है। कुल मिलाकर यह आस्था का केंद्र है। यहां भाई दूज के दिन अनेक भाई-बहन दीपक जलाते हैं आरती करते हैं और बताया जाता है कि जो महत्व यमुना नदी का है वही महत्व सम्भल के यम तीर्थ का है। लगभग 8 वर्ष पूर्व तत्कालीन उप जिलाधिकारी दीपेंद्र यादव के सहयोग से हिंदू जागृति मंच ने तीर्थ का जीर्णोद्वार करने की तथा अच्छे स्वरूप मे लाने का संकल्प लिया कार्य प्रारंभ हुआ जो अच्छे स्वरूप में तीर्थ को देखा जा सकता है। भाई दूज के पर्व पर विशेष रूप से नगर के लोग अथवा भाई-बहन पूजा अर्चना आरती दर्शन परिक्रमा करने प्रातः काल से लेकर देर रात्रि तक आते रहे और यमुना दर्शन का लाभ उठाते रहे।

# खेती की भूमियों पर बिना लेआउट पास कराए की जा रही प्लाटिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर ही नही बल्कि ग्रामीण अंचलों में असामान छूती कीमती ज़मीनों की आसमान छूती ज़मीनें पर भू माफिया की नज़र में है। ग्रामीण अंचल में भी भू माफिया बिना ले आउट पास कराये कृषि भूमि पर कालोनियों का निर्माण कर रहे हैं।

नगर और देहात क्षेत्रो में भूमि की कीमतों में भारी उछाल है। सड़क किनारे तो भूमि की कीमत सातवें आसमान पर पहुंच गयी है। भूमि कई अन्य योजनाओं के सरकार के लिए आरक्षित हो जाने का बहाना बनाकर भूमाफिया सस्ते दामों में खरीदी लेते हैं और उन्हे मेंहगी कीमतों में बेचकर दिनों दिन धन्नासेठों की लाइन में पहुंच रहे हैं।कई स्थानों पर कृषि भूमि पर प्लाटिंग ककी जाने लगी है। मुरादाबाद मार्ग पर रोडवेज बस अडडे का निर्माण कार्य शुरू होते ही खेतिहर भूमि पर भराव आदि कराकर उस पर प्लाटिंग का कार्य किया जाने लगा है जबकि इन खेती वाली भूमि पर

## मुरादाबाद मार्ग पर रोडवेज बस अड्डे का निर्माण होने से खेती भूमि पर प्लाटिंग कार्य में आयी तेज़ी

प्लाटिंग के लिए कोई अनुमति राजस्व विभाग नहीं ली गई है जबकि विनियमित क्षेत्र से ले आउट पास नहीं कराया गया है। इसके बावजूद भूखंडों पर निशान देही कर प्लाटिंग का कार्य मुख्य मार्गो के निकट खेती की भूमि पर किया जा रहा है। जिसमें सम्बंधित लेखपाल की भी भूमिका संदिग्ध मालूम होती है। इतना ही नहीं राजस्व विभाग और विनियमित क्षेत्र के अधिकारियों की निगाह भी बिन ले आउट पास कराय कालोनियों का निर्माण व प्लाटिंग के कार्य पर पर नहीं है। जबकि तेजी के साथ खेती की भूमि पर हो रहे प्लाटिंग कार्य से आने वाले समय में खेत की भूमि काफी कम रहने की सम्भावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

# रेलवे क्रासिंग पर जाम के झाम ने रोके बहनों के भाईयों के घर जाने को कदम



सम्भल- मुरादाबाद मार्ग स्थित सिरसी रेलवे क्रासिंग पर लगे जाम में फंसा सांसद का वाहन।

## ()पूर्व चेयरमैन नुसरत इलाही ने आवागमन कराया सुचारू

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मुरादाबाद मार्ग स्थित सिरसी रेलवे क्रासिंग पर सड़क की हालत कापुी दयनीय बनी हुई है। क्रासिंग के निकट सड़क में गहरे गडढे बन जाने से यहां जाम लगना आम बात हो गयी है। बचते-बचाते रींगकर निकलते वाहनों से काफी दूर तक जाम का झाम भाईदूज पर बहन और भाईयों को झेलना पड़ा।पुलिस और पूर्व चैयरमेन ने पहुंचकर वाहनों को निकलवाकर रास्ता साफ कराया।

सम्भल मुरादाबाद मार्ग स्थित सिरसी रेलवे क्रासिंग पर हालांकि ट्रैन का आवागमन दो बार ही रहता है,लेकिन यहां समय-असयम जाम लगा रहता है। कारण कोई ओर नहीं है बल्कि रेलवे क्रासिंग के निकट सड़क में गहरे गडढे बन गए हैं। जिससे इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सड़क में बने गहरे गडढों के चलते वाहनों का संतुलन बिगड़ जाने की अशंका से हादसे का खतरा बना रहता है। जिससे बचने के लिए वाहन चालकों को काफी धीरे और गडढों से वाहनों को बड़े ही सम्भालकर निकालना पड़ता है। पिछले काफी समय से इस मार्ग की हालत काफी दयनीय बनी हुई है। विभागीय अधिकारी भी जानकन न जाने क्यों अंजान बने हुए हैं। लेकिन कोई ध्यान रेलवे क्रासिंग के निकट बने सड़क के गडढों को दुरूस्त करने की ओर नहीं हैं। गुरूवार को हालत और भी बदत्तर बन गए। भाईदूज पर्व पर बहनों को भाईयों के घर और भाईयों को बहनों के घर वाहनों से आने-जाने के लिए काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। सड़क में गहरे गडढे होने से वाहनों को सम्भालकर निकालने से वहां काफी दूर तक जाम लग गया। जाम में फंसे वाहनों को निकलवाने के लिए हजरत नगर गढ़ी प्रभारी अनुज तोमर ने अधीनस्थों के साथ वाहनों को निकलवाकर जाम खत्म कराया और वाहनों का आवागमन सुचारू कराया। इसी के साथ पूर्व चैयरमेन ने कोल्ड स्टोरेज के निकट लग रहे जाम में फंसे वाहनों को अपने कार्यकर्ताओं के साथ निकलवाकर बहनों को भाईयों के घर पहुंचने को हो रही दूरी को खत्म कराया। सड़क की यह दुर्दशा कोई नई नहीं है, बल्कि काफी समय से मार्ग पर गहरे गडढे हुए हैं। ऐंसा नहीं है कि इस मार्ग से किसी अधिकारी का आवागमन नहीं हो। मंडल स्तरीय अधिकारियों के यहां मीटिंग अथवा अन्य कार्यो के लिए किसी न किसी अधिकारी का इस मार्ग से आवागमन होता है। जबकि लोनिवि के अधिकारियों का आना-जाना भी लगा रहता है, परन्तु इसके बावजूद गडढों को भरवाने अथवा मार्ग को दुरूस्त नहीं कराया गया। जिसका नतीजा भाईदूज पर्व पर बहन-भाईयों के आने जाने में जाम के झाम का सामना करना पड़ा।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की चित्रकला प्रदर्शनी का निरीक्षण करते।

## कलाकारों ने राधाकृष्ण व श्रीराम की बनाई पैंटिंग

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के तत्वाधान में दीपावली के शुभ अवसर पर आठ दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया।

उड़ान एकेडमी पर चित्रकला प्रदर्शनी की विजिट करने आए ब्राह्मण सभा के सुधीर शर्मा व लेखपाल मुकेश शर्मा आदि लोगों ने चित्रकला का विजिट किया। उन्होंने सभी चित्रकारों की चित्रकारी की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में जूनियर कलाकार एवं सीनियर कलाकारों द्वारा बनाई गई चित्रकारी में भगवान राम की प्रतिमाओं को दिखाते हुए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में भगवान राम की लीलाओं का वर्णन कर उसे पर एक्टिंग के माध्यम से रामलीला को दर्शाया गया है।



बबराला- भाईदूज पर भाई की दीर्घायु की कामना करती बहनें।

# महामृत्युंजय तीर्थ की अब नहीं रहेगी दयनीय हालत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर क्षेत्र में कुछ ही तीर्थ बने है, जिनमें नहाने के लिए कुण्ड में पानी भरा है। लेकिन उचित देखभाल एवं रखरखाव नहीं होने से इनकी स्थिति सोचनीय हो गई थी। भाजपा सरकार में अधिकारियों की पैरवी से तीर्थ कुंडों और कुंओं की हालत सुधरी वहीं महामृत्युंजय तीर्थ की हालत दयनीय नहीं रह सकेगी। शासन की ओर से तीर्थ कुंड के विकास और सौन्दर्यकरण में लिए धनराशि मंजूर कर ली गई है।

उप नगरी सराय तरीन एवं हयात नगर के मध्य बने महामृत्युंजय तीर्थ में कई-कई दिनों तक गंदा पानी भरा रहने से बीमारियों को निमंत्रण मिलता रहता है। जबकि कुण्ड में नहाने के लिए दूर दराज क्षेत्र से श्रद्धालु आते जाते है। लेकिन उचित रखरखाव एवं देखभाल नही होने से कुण्ड में कई-कई दिन तक गंदा पानी भरा रहता है। जिस कारण इसमें गंदगी ने अपने पैर जमा लिए है। उचित देखभाल नहीं होने से कुंड की हालत भी काफी दयनीय हो गयी थी लेकिन अब शहर क्षेत्र के तीर्थ और कुंड व कुंओं के जीर्णोद्वार के साथ महामृत्युंजय तीर्थ के दिन भी बदले हुए दिखायी देंगे। शासन की ओर से तीर्थ कुंड के जीर्णोद्वार और सौन्दर्यकरण व बेहतर रख-रखाव के लिए धनराशि को मंजूर कर लिया गया है। अब जल्द ही महामृत्युंजय तीर्थ के सौन्दर्यकरण, जीर्णोद्वार का कार्य शुरू हो जायेगा।

## मनमाने दामों पर बिकी शराब की बोतलें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पर्व हो या कुछ और शराब की दुकानों पर भीड़ कम नहीं होती है। लेकिन इसी के साथ शराब की बड़ी बिक्री से सैल्समेनों की बल्ले-बल्ले हो जाती है। क्शेंकि बढ़ती शराब की बिक्री से रेटों में अचानक बढ़ोत्तरी कर दी जाती है।

गुरूवार को मुख्य मार्ग स्थित शराब दुकानों पर काफी भीड़ उमड़ी दिखायी दी। दुकानों के सामने खड़े दो पहिया वाहनों पर सवार गंतव्य जाने से पहले शराब की बोतलें खरीदते नजर आए। दुकानों पर यकायक बढ़ी भीड़ का सैल्समेनों ने भी जमकर फायदा उठाया। निधारित मुल्य से अधिक में शराब की बिक्री करते देखा गया। कई दुकानों पर तो बोतलें खरीद रहे शराब के शौकीनों ने सात की बोतल आठ सौ में और पांच सौ की बोतल छह सौ रूपये में बेचने पर विरोध किया लेकिन सैल्समेनों ने हड़काकर मनमाने दामों पर शराब की बिक्री की।

# जफर के ताल ठोंकने से मची राजनीति में हलचल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के सदर के विधानसभा चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा ने राजनीति को गरमा दिया है। हालांकि अभी



विस चुनाव में काफी समय है,लेकिन राजनैतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही है और हलचल भी बढ़ने लगी है।

दो परिवारों के बीच सम्भल की राजनीति अब एक ओर नया मोड़ लेती जा रही है। शाही जामा मस्जिद के सदर और हिंसा के आरोप में 131 दिनों तक जेल में बिताने के बाद जमानत पर छूटकर आए जफर अली के विधानसभा चुनाव में ताल ठोंकने के बाद से यहां की राजनीति में हलचल पैदा हो गयी है। हर हाल में चुनाव मैदान में उतरने का दम्भ भर चुके जफर अली किसी पार्टी से टिकट मिलने व मिलने और निर्दलीय भी मैदान में उतरने की घोषणा ने यहां की रानीति में एक नई सरगर्मी ला दी है। हालांकि राजनीतिक गलियारों में दो परिवारों के बीच रही यहां की राजनीति में तीसरा मोहर आ जाने से दोनों ही नेताओं को बड़ी चुनौति के रूप में भी माना जाने लगा है। चुनाव के समय ऊॅट किस करवट बैठेगा यह तो आने वाला समय बतायेगा लेकिन जफर अली के ताल ठोंक देने से समीकरणों पर असर पड़ना लाजिमी माना जाने लगा है। उधर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क से जफर अली के मैदान में आने पर की गई जानकारी पर उन्होने कोई खास टिप्पणी तो नहीं की अलबत्ता चुनाव लड़ना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार बताया। उन्होने सपा से जफर अली को टिकट दिए जाने के बारे में किए गए सवाल पर साफ इंकार तो नहीं किया लेकिन सम्भावनाएं ज़रूर जता दीं।मगर इसी के साथ उन्होने कहा कि वह सपा के सिपाही हैं और सपा के साथ रहेंगे। मगर राजनैतिक पंडितों का कहना है कि जफर अली का मैदान में आने से आगामी विधानसभा चुनाव में गैर-भाजपाई वोटों के बंटवारे की स्थिति पैदा होने की सम्भावनाएं जतायी है। लेकिन इसी के साथ जफर अली को एआईएमआईएम, बसपा अथवा किसी अन्य दल से टिकट मिलने पर विचार करना भी माना जाने लगा है। बहरहाल चुनाव में काफी समय है लेकिन लोगों की निगाहें इस बात पर जरूर टिकने लगी हैं कि कौन सी पार्टी जफर अली पर दांव लगा सकती है।

## () चुनाव लड़ना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार: सांसद

# बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत में विवाद

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाईदूज पर्व पर पत्नी व बच्चें को ले जाते बाइक सवार को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला और उसके तीन बच्चे घायल हो गए। जबकि हादसे को लेकर दोनों के विवाद हो गया। एक बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार हो गए।

नगर के निकटवर्ती नई बस्ती निवासी युवक की मुरादाबाद ससुराल है। गुरूवार को युवक अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर भाईदूज पर्व मनाने अपनी ससुराल मुरादाबाद जा रहा था। बाइक सवार युवक सम्भल मुरादाबाद मार्ग स्थित फिरोजपुर पुल के निकट पहुंचा तभी रॉग साइड से आते युवकों की बाइक से टक्कर हो गयी। आमने-सामने की टक्कर में महिला और उसके तीन बच्चे चोटिल हो गए। गलत साइड से बाइक लाने दूसरी बाइक सवारों से उसकी नोंक-झोंक हो गयी। वहां काफी भीड़ लगने से दूसरी बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर हजरत नगर गढ़ी व 112 पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने बाइक को अपने किब्ज़े में ले लिया। घायल ने अपने साथ मारपीट होने का भी आरोप लगाकर तहरीर दी है।



सम्भल- मुरादाबाद मार्ग पर हादसे के बाद मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस।

# अवैध रूप से संचालित लैबों पर नहीं शिकंजा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सक व अवेध पैथैलॉजी लैबों का साम्राज्य अभी भी कायम है।

क्षेत्र का कोई गांव अथवा शहर में गली और मौहल्लों में शायद ही कोई ऐंसा स्थान हो जहां बिना किसी मेंडिकल डिग्री और लाईसेंस के झोलाछाप चिकित्सक खुलेआम क्लनिक नहीं चला रहे हैं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चर्चित स्थानों पर छापमारकर कार्यवाही की जा रही है लेकिन आज भी काफी स्थानों से स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह आंख मूंदे हुए है। जबकि इन फर्जी चिकित्सकों द्वारा रोगियों का गलत इलाज कर गम्भीर स्थिति में पहुंचा देने के कई मामले सामने आ चुके हैं न तो इनके पास कोई डिग्री है और न ही इलाज का कोई अधिकार। इसके बावजूद ये क्लिनिक चला चला रहे हैं। कई स्थानों पर तो झोलाछाप चिकित्सक छोटे अस्पताल जैसी व्यवस्था कर रखी है। जिसमें मरीजों को भर्ती करने की भी सुविधा दी जाती है। इसी के साथ अवैध रूप से चल रही पैथैलोजी लैब का मकड़जाल भी क्षेत्र में फैला हुआ है। बिना प्रशिक्षण टेक्नीशियन यह लैब संचालित कर शुगर, यूरिन, ब्लड की कई तरह की जांचे कर ऊल जलूल रिपोर्ट देकर रोगियों के जीवन से खिलवाड़ कर रउनकी मजबूरी का फादा उठाकर मोटी रकम लेते है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से क्षेत्र में चिकित्सीय सुविधा के नाम पर फर्जीवाड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण अंचलों में कई बार इनकी शिकायते अधिकारियों से की गई है लेकिन अब तक न तो काई छापमारी की गयी और न ही झोलाछाप के विरूद्व कोई कार्रवाई। बस खानापूर्ति कर अस्पताल सील तो हाते हैं परन्तु कुछ दिन में ही धड़ल्ले से दोबारा संचालित कर लिए जाते है। आखिर किसका आशीवाद है जो झोलाछाप पैथैलॉजी लैबों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। जबकि किसी न किसी लैब की गलत रिपोर्ट देने के मामले सामने आते रहते हैं। लोगों को डर है कि किसी दिन अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब संचालकों की गलत रिपोर्ट से किसी न किसी रोगी की जान न चली जाये।

## ()गांव-गांव संचालित हैं पैथोलॉजी लैब

# बहनों की भाईयों की दीर्घायु की कामना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** भैयादूज पर्व पर बहनों ने भाई का तिलक कर उनकी दीर्घ आयु की कामना की। बहन ने भाई के घर जाकर तो भाई ने बहन के घर जाकर तिलक कराया। भैया दूज पर घरों में उत्सव जैसा माहौल रहा। बहनों ने व्रत रखकर भाइयों के तिलक किया और उन्हें मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को नकदी, उपहार दिया। भैयादूज पर तमाम भाई टीका कराने अपनी बहनों के घरों पर पहुंचे तो तमाम बहनों ने भी ससुराल से मायके पहुंचकर पूरे उत्साह के साथ भाई का तिलक किया। भैया दूज पर बहनों ने घर के आंगन में रंगोली सजाकर विधि विधान से पूजन किया। अपने भाइयों की दीर्घायु के साथ ही उनके जीवन में सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूजन के बाद भाइयों के मस्तक पर टीका लगाया और मिठाई खिलाई। घरों में विभिन्न तरह के पकवान तैयार किए गए। इस पर्व पर बाजार में मिठाइयों की आकर्षक दुकानें पूरी दिन सजी रही। गोलों की बिक्री भी खूब हुई। बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाकर अपना स्नेह प्रदान किया।

# भाई दूज के त्योहार पर बसों और ट्रेनों में उमड़ी यात्रियों की भारी भीड़





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भाई-बहन के अटूट स्नेह और प्रेम का पर्व भाई दूज इस वर्ष भी उल्लास और भावनाओं से सराबोर होकर मनाया गया। सुबह से ही मुरादाबाद के पीतल नगरी बस अड्डे और पुराने बस अड्डे पर यात्रियों की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने घर पहुंचने की जल्दी में नजर आया ताकि इस पावन पर्व पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना कर सकें। त्योहार के मद्देनजर बस अड्डों पर भीड़ का आलम ऐसा था कि बसों में सीट मिलना मुश्किल हो गया। कई स्थानों पर यात्रियों को बसों में चढ़ने को लेकर हल्की-फुल्की धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। रोडवेज प्रशासन ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसें चलाने की व्यवस्था की, फिर भी यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके चेहरे पर भाई दूज का उत्साह और अपनत्व की चमक साफ झलक रही थी। पीतल नगरी बस अड्डे से बरेली, रामपुर, संभल, अमरोहा, चंदौसी अलीगढ़, बदायूं और अन्य ग्रामीण इलाकों के लिए बसें पूरी तरह भरी रहीं। वहीं, पुराने बस अड्डे से निकली बसों में भी हर सीट पर यात्री सवार थे। कई लोग बसों के दरवाजे पर खड़े होकर भी सफर करने को मजबूर दिखे।

कठिनाइयों से भरे सफर के बावजूद बहनों का जोश कम नहीं हुआ। मंजिल तक पहुंचकर उन्होंने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाकर रक्षा-स्नेह का यह बंधन निभाया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनके स्नेह का सम्मान किया। रोडवेज बसों के साथ ही ट्रेनों में भी यात्रियों की भारी भीड़ नजर आई,एक तो छठ पूजा को लेकर और ऊपर से भाई दूज का त्यौहार ऐसे में मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनें फूल नजर आई। भाई दूज के त्योहार पर ट्रेनों में भी यात्रियों को कठिनाइयों भरा सफर तय करना पड़ा। हालांक त्योहार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो, भाई-बहन का प्रेम हर बाधा को पार कर जाता है।

## पुलिस में जुआ खेलते कई लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते समय कई लोगों को गिरफ्तार किया। उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

दरोगा विपिन कुमार ने पीपली चक वाले रास्ते धर्मपुर कला गांव में गांव के ही जरीफ पुत्र फकीरी, गुड्डू पुत्र महेंद्र, अब्बास पुत्र अब्दुल रज्जाक को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। इसके अलावा सफीलपुर के हरपाल पुत्र चंद्रसेन, जगबीर पुत्र मिश्रीलाल, चेतन सिंह पुत्र रूप किशोर,रतनलाल पुत्र सेवाराम को गिरफ्तार किया।

सभी के विरुद्ध जुआ अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके अलावा शांति भंग में पुलिस ने सरथल गांव के सतबीर पुत्र कन्हैया, जरगांव के इंद्र पुत्र धर्मपाल, खंडौआ के राजू पुत्र ओमप्रकाश, सचिन पुत्र ओम प्रकाश को शांति भंग में गिरफ्तार करके एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

## भाई दूज पर बहनों ने भाई की लंबी उम्र की कामना के लिए की प्रार्थना



**कांठ।** क्षेत्र में गुरुवार को भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गयास बहनों ने भाई को तिलक करके भाई की लंबी उम्र की कामना की और भाई ने भी बहन की रक्षा का संकल्प दोहराया स भाई दूज पारंपरिक त्योहार ही नहीं है, बल्कि यह प्रेम और सुरक्षा के भाव को दृढ़ करने का उत्सव है। यह भाई-बहनों के बीच आजीवन सुरक्षा एवं सहयोग के वादे का प्रतीक भी है।। इस दिन हर बहन, भाई के माथे पर रोली का टीका लगाती हैं और आरती उतारकर उनके दीर्घायु और सुखी जीवन की कामना करती हैं। बदले में भाई, बहनों की रक्षा और देखभाल करने का वचन देते हैं।। बहनें रोली-अक्षत से भाई के माथे पर तिलक करती हैं। इसके बाद आरती करके दाहिने हाथ पर कलावा बांधती हैं। बहन पुष्प और अक्षत से आशीर्वाद देते हुए भाई की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती है। उपहार स्वरूप भाई भी बहनों को वस्त्र और भूषण भेंट कर उनकी सदैव रक्षा और सहयोग करने का वचन देते हैं। भाई दूज के कारण आज नगर में मिष्ठान की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गईस रोडवेज की बसों में भी भारी भीड़ देखी गई स मुख्तियारपुर नवादा , महमूदपुर माफी, पहाड़ मऊ, सलेमपुर, मिश्रीपुर, अगवानपुर आदि स्थानों पर भाई दूज का पर्व आज उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया

## सड़क पर गिरा मोबिल ऑयल, टीएसआई की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र के रामपुर रोड स्थित गुलाब बाड़ी चुंगी के पास गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक कंटेनर में भरा मोबिल ऑयल सड़क पर गिर गया। अचानक हुए इस हादसे से सड़क पर तेज फिसलन हो गई, जिसके कारण कई वाहन अनियंत्रित होकर फिसलने लगे। कुछ देर में ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और पूरे इलाके में जाम की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कंटेनर वाहन में भरा मोबिल ऑयल सड़क पर रिसने लगा। थोड़ी ही देर में सड़क का एक बड़ा हिस्सा तेल से लथपथ हो गया। इससे बाइक सवारों और छोटे वाहनों को संभलना मुश्किल हो गया। इसी दौरान एक ट्रैक्टर का पहिया निकल गया, जिससे स्थिति और भी खतरनाक हो गई। लोगों में



अफरा-तफरी मच गई।इसी बीच मौके से गुजर रहीं टीएसआई अनुराधा ने जब यह स्थिति देखी तो उन्होंने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए यातायात को रोक दिया और स्थिति को नियंत्रित करने का जिम्मा अपने हाथ में लिया। उन्होंने तुरंत आसपास के दुकानदारों से संपर्क कर सीमेंट के कट्टे मंगवाए और सड़क पर गिरे मोबिल ऑयल पर सीमेंट डलवाया, ताकि सड़क की फिसलन कम हो सके। उनकी त्वरित कार्रवाई से कुछ ही देर में सड़क पर पड़ा तेल जम गया और वाहन सुचारू रूप से चलने लगे। टीएसआई अनुराधा की सूझबूझ और साहसिक निर्णय से जहां बड़ा हादसा टल गया, वहीं लोगों ने भी राहत की सांस ली। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क को साफ कर यातायात पूरी तरह से सामान्य कर दिया गया।

## टीएमयू उन्नत भारत अभियान में हरियाना ग्राम को भी लेगा गोद

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में महिला सशक्तिकरण पर हुए जब सोच बदलती है, तो समाज बदलता है नुक्कड़ नाटक में डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने किया ऐलान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने ऐलान किया, टीएमयू उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत अब बिलारी क्षेत्र के गांव हरियाना को गोद लेने जा रहा है। कुलाधिपति सुरेश जैन का यह पैत्रक गांव है। उल्लेखनीय है, यूनिवर्सिटी ने गुरेठा, नानक बाड़ी, गिन्नौर, मनोहरपुर, मौढ़ा तैया, सुल्तानपुर फलेंदा, फत्तेहपुर विश्नोई, नेमतुल्ला नगर आदि 08 गांवों को पहले से ही गोद ले रखा है। केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार की स्वास्थ्य, पर्यावरण, सामुदायिकता, साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता सरीखे कैंपेन को समय-समय पर अवेयरनेस कैंप चलाता है। प्रो. सिंह डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में महिला सशक्तिकरण को लेकर हुए प्रोगाम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगडे, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन आदि की मौजूदगी रही। डेंटल कॉलेज के स्टुडेंट्स ने जब सोच बदलती है, तो समाज बदलता है और दूरदर्शन मोड से स्मार्ट टीवी मोड तक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। नुक्कड़ नाटकों में अभिलीन कौर, अर्हंत जैन, वंशिका त्यागी, वर्निका, प्राजक्ता जैन, ऋषभ जैन आदि शामिल रहे। डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में महिला सशक्तिकरण पर हुए जब सोच बदलती है, तो समाज बदलता है नुक्कड़ नाटक यह संदेश देने में सफल रहा, महिलाओं को हक देने की नहीं, बल्कि उसकी बराबरी को स्वीकार करने की जरूरत है। औरत किसी से कम नहीं है, बस उसे सम्मान और समान मंच की आवश्यकता है। दूरदर्शन मोड से स्मार्ट टीवी मोड तक नुक्कड नाटक के जरिए समाज की सोच में महिलाओं के प्रति आए बदलाव और समाज और राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भूमिका पर को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन ने कहा, आज महिलाएं विज्ञान, चिकित्सा, कला और शिक्षा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है, हम उन्हें बराबरी का मंच प्रदान करें, जहां वे अपने विचार और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के इंटर्न- आदित्य चौधरी, अनीश कुमार सिंह, अंशिका और अपूर्वा के संग-संग 100 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन अभिलीन कौर ने किया।

## कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने किया श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह द्वारा अंसल एपीआई लखनऊ में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आज शुभारंभ हुआ। इससे पहले भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई, इसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल थीं, जिन्होंने पवित्र जलस्रोत से जल भरकर कलशों को कथा स्थल तक पहुंचाया। धार्मिक विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ कलशों को स्थापित किया गया। कलश यात्रा पाम्स गोल्फ क्लब से प्रारंभ हुई। यात्रा के दौरान भक्त जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा का कथा स्थल पर ही समापन हुआ। बृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास डॉ श्याम सुंदर पाराशर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को विश्व की सभी कथाओं में श्रेष्ठ माना गया है। यदि कोई व्यक्ति गलती से भी इस कथा को सुन लेता है, तो वह कई पापों से मुक्ति पा लेता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सात दिनों तक चलने वाली इस पवित्र कथा को सुनने और अपने जीवन को सुधारने का अवसर न गंवाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यस्तता के कारण पूरे सात दिन कथा नहीं सुन सकता, तो उसे दो, तीन या चार दिन अवश्य समय निकालना



चाहिए, क्योंकि इससे भी पूर्ण फल प्राप्त होता है। यह कथा भगवान श्री कृष्ण की मुख वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध तक के प्रसंगों का विवरण है और जीवन में कथा की महत्ता भी बताई गई है। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी क्षेत्रवासियों से भी कथा श्रवण हेतु लखनऊ आने का आग्रह किया। कथा आयोजक मधु सिंह, विनय कुमार, रिटायर्ड आईएएस एसपी सिंह, दिनेश कुमार सिंह, प्रिवेंद्र कुमार सिंह, अजय अग्रवाल, वंदना अग्रवाल और समीर अग्रवाल ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कथा में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भैया दूज: भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व श्रद्धा व उल्लास से मनाया

### बहनों ने किया तिलक, भाइयों ने दिया उपहार: घर-घर गूंजा प्यार और अपनापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दीपावली के समापन के बाद भैया दूज का पर्व गुरुवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में धार्मिक अनुष्ठान और भाई-बहन के मिलन का दृश्य देखने को मिला। बहनों ने थाल में दीपक, अक्षत, कुमकुम, रोली और मिठाइयां सजाकर अपने भाइयों का तिलक किया तथा उनकी दीर्घायु, सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। इस पवित्र अवसर पर भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेहस्वरूप वस्त्र, मिठाई, उपहार व नकदी भेंट की। पूरे दिन घरों में पारिवारिक मेल-मिलाप, हंसी-खुशी और स्नेह का वातावरण बना रहा। भैया दूज का पर्व कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन यमराज



अपनी बहन यमुना के घर गए थे, जहां यमुना ने उनका तिलक कर सत्कार किया और उनकी लंबी आयु की कामना की। यमराज ने प्रसन्न होकर वरदान दिया कि जो भी भाई इस दिन अपनी बहन से तिलक करवाएगा, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। इसी कारण यह पर्व यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन प्रातःकाल स्नान कर, शुभ मुहूर्त में तिलक और आरती का विधान किया जाता है। बहनें अपने भाई को मिठाई खिलाती हैं और यमराज व यमुना का स्मरण कर उनकी पूजा करती हैं। कहा जाता है कि इस दिन बहन द्वारा किया गया तिलक भाई के जीवन में सौभाग्य और सुरक्षा का प्रतीक होता है। भैया दूज का यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पारिवारिक संबंधों की मजबूती और पारस्परिक प्रेम की अभिव्यक्ति का अवसर भी है। इस दिन भाई-बहन के रिश्ते में अपनापन, स्नेह और विश्वास की नई डोर बंधती है, जो भारतीय संस्कृति की सुंदर परंपराओं को जीवंत रखती है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ARMAN से बदलकर अब MOHD. ARMAN पुत्र MOHAMMAD NAFEES AHMED रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। मोहल्ला शेखान, कस्बा शेरकोट, जिला बिजनौर

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गांव में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र में गांव मल्हीपुर महमूदा नगला के निकट आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जानकारी के अनुसार गांव निवासी सतेंद्र पुत्र कमल सिंह (28) बुधवार देर शाम घर से बाहर निकला था। सुबह तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच सुबह दूध बेचने वालों ने आम के पेड़ पर लटकता शव देखा तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त गांव मल्हीपुर महमूदा नगला निवासी सतेंद्र के रूप में की,



घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मृतक के परिजनों का कहना है कि सतेंद्र ने किसी कारणवश आत्म हत्या कर ली है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने चलाई दो दर्जन से अधिक विशेष ट्रेनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** छठ पूजा के अवसर पर मुरादाबाद रेलवे डिवीजन में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो दर्जन से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इन ट्रेनों के जरिए बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि छठ पूजा के दौरान हर साल यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। इस बार भी टिकटों की भारी मांग के चलते रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनें चलाई हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। जीआरपी और आरपीएफ के जवान प्लेटफॉर्मों और स्टेशन परिसर में निगरानी कर रहे हैं ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो सके। मुरादाबाद, बरेली, रामपुर और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। प्लेटफॉर्मों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि त्योहार के दौरान स्वच्छ माहौल बना रहे। वहीं, यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर हेल्प डेस्क और अतिरिक्त सूचना केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर यात्रियों को ट्रेनों के आगमन, प्रस्थान और प्लेटफॉर्म परिवर्तन की जानकारी दी जा रही है।रेलवे प्रशासन ने घोषणा प्रणाली को भी मजबूत किया है ताकि यात्रियों को सही समय पर जानकारी मिल सके। इसके अलावा, भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष अधिकारी तैनात किए गए हैं जो प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को व्यवस्थित ढंग से ट्रेन में चढ़ने और उतरने में मदद कर रहे हैं।त्योहारों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वह स्टेशन पर समय से पहले पहुंचे, आरक्षित टिकट के साथ यात्रा करें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। छठ पूजा के दौरान रेलवे की यह पहल यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

## महिला ने बाप-बेटों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्रहमान में रास्ते में भैंस बांधने को लेकर पिता-पुत्रों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर तीन बाप बेटों के खिलाफ मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में महिला विमला देवी ने बताया है कि पड़ोसी कुमरसैन और उसके दो बेटों शिवम और अभिषेक ने रास्ते में भैंस बांधने को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात घूसों से पीटा। इसी दौरान शिवम ने धारदार हथियार से हमला कर पैर की अंगुली काट दी। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल का डाक्टरी मुआयना कराकर घर भेज दिया।

डा0 विराग श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S.
(Ophth.) नेत्र सर्जन व फेको विशेषज्ञ
समय: प्रात: 10 बजे से 1 बजे तक सांय: 6 बजे से 7.30 बजे तक

+ भव्या हॉस्पिटल +
की ओर से सभी देशवासियों को दीपावली, गोवर्धन एवं भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

डा0 ज्योत्सना श्रीवास्तव
M.B.B.S., M.S.
स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
समय : प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक

दयानन्द डिग्री कालेज, मेन गेट के सामने, स्टेट बैंक मेन ब्रान्च तिराहा, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद, फोन : 0591-2410360, 2410361, 8954621774

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस की ढिलाई से खूनी संघर्ष की आशंका

## फायरिंग से मचा हड़कम्प, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री समेत 13 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। नगर पंचायत में एक बार फिर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सैद नगली नगर पंचायत के मोहल्ला धर्मशाला मंदिर की है, जहां बुधवार रात करीब 8:30 बजे दोनों पक्षों में विवाद के बाद जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग की गई। गोली चलने से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई, गनीमत रही कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

मोहल्ला धर्मशाला मंदिर निवासी लक्ष्मी शर्मा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी बॉबी उर्फ अमित शर्मा आए दिन गंदी गालियां देता है और बुरी नजर से देखता है। कई बार समझाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोप है कि बॉबी अपनी पत्नी वर्षा शर्मा, जो भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री हैं, के पद का दबाव बनाकर आए दिन दबंगई करता है। बुधवार रात बॉबी उर्फ अमित शर्मा, वर्षा शर्मा, शगुन सहित अन्य लोगों ने लक्ष्मी शर्मा और उनके परिवार को गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें बॉबी शर्मा हाथ में तमंचा लहराते और भीड़ को डराते हुए नजर आ रहा है। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत का माहौल है। लोगों ने बताया कि महज दो दिन पहले इसी क्षेत्र में गुरुदत्त त्यागी के घर पर भी दर्जनभर युवकों ने हमला कर तोड़फोड़ व फायरिंग की थी। पुलिस ने उस मामले में नौ नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं, कुछ दिन पहले सैद नगली क्षेत्र के गांव सकतपुर में भी अवैध तमंचों से फायरिंग का मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने दो बाल अपचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लगातार तीन दिनों में तीन फायरिंग की घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में बड़ी संख्या में अवैध हथियारों की आवाजाही हो रही है, लेकिन पुलिस अभी तक इसके स्रोत तक नहीं पहुंच पाई है। इस पर पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में आक्रोश है। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सहरावत ने बताया कि लक्ष्मी शर्मा की तहरीर पर बॉबी उर्फ अमित शर्मा, वर्षा शर्मा, शगुन सहित 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है और जल्द ही उन्हें जेल भेजा जाएगा

**■ घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**



# रास्ते में युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा

## दो पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मन्दिर में दीपक जलाकर लौट रहे युवक को रास्ते में घेरकर दबंगों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षा के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीजरा की है। यहां रहने वाले रवि ने गांव निवासी सगे भाई सुरेश व काशीराम, शिवम कुमार, सौरभ व राकेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि 21 अक्तूबर की शाम 6 बजे वह मंदिर में दीपक जलाकर घर लौट रहे थे। रास्ते में घात लगाकर बैठे आरोपियों ने घेरते हुए मारपीट कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचाव में आए परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की। हमले में रवि के अलावा दो लोग गंभीर घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष से सुरेश सिंह ने रवि, दीपक, रोहतास व सुंदर के खिलाफ तहरीर देते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है। उनका आरोप है कि घटना वाले दिन वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। गांव से गुजरते समय आरोपी रास्ते में घेरकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# त्यौहार पर डग्गामार बसों ने काटी चांदी

**अमरोहा**। भैयादूज के चलते शनिवार को रोडवेज व डग्गामार बसों में ही नहीं बल्कि निजी वाहनों में भी हाउसफुल रहा। वाहनों में बैठकर सफर करना तो दूर की बात रही, खड़े होने में भी बहनों को खासे पापड़ बेलने पड़े। मजबूरी में सवारियां ने अपनी जान जोखिम में डाल वाहनों की छतों पर बैठकर सफर तय किया।

**■ निजी वाहनों में बैठकर किया सफर**

आमतौर पर जिला मुख्यालय से कई रोडवेज बस विभिन्न शहरों के लिए संचालित होती है। मगर भैयादूज के अवसर पर परिवहन निगम ने विशेष बसों का बंदोबस्त किया था। यानि महिला यात्रियों को भैयादूज पर कोई असुविधा न हो। इसके लिए आज कई दर्जन बसें यहां से संचालित हुई। हालत यह थी कि हर रूट पर जाने वाली बस स्टैंड ठीक से खड़ी भी नहीं हो पाती थी सवारियां दौड़ पड़ती थी। निजी वाहनों के हालात तो और भी बुरे थे। जान जोखिम में डालकर लोगों ने गेट पर लटककर यात्रा की। देर रात तक वाहनों में भारी भीड़ का आलम था।

## जमकर बिकी मिठाई

**हसनपुर**। भैया दूज पर बसों में सड़कों पर भारी भीड़ रही। मिठाइयों की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी की गई। रविवार की सुबह से ही बहनों ने भाइयों के टीका करने के लिए उनके घरों का रुख कर लिया था। सड़क पर बाइकों का यह आलम था कि जगह-जगह जाम की स्थिति बन गई। भैया दूज को मनाने के लिए बहनों ने भाइयों के टीकाकर अपनी रक्षा का भी वचन लिया। गजरौला हसनपुर मार्ग पर चलने वाली मिनी बसों में भी भीड़ का आलम यह था कि उनमें पांव रखने तक के लिए जगह नही बची थी। पंसारा बाजार में गोलो की खरीदारी करने के लिए भीड़ लगी हुई थी। हलवाईयो की दुकानों पर भी मिठाई खरीदने वालों का जमावड़ा लगा हुआ।

# तिलक कर भाइयों के लिए मांगी दीर्घायु

## जिलेभर में श्रद्धा व आस्था से मनाया गया भैया दूज



■ अमरोहा। भैयादूज पर भाई के माथे पर तिलक करती बहिन।



■ मंडी धनौरा। भैयादूज के अवसर पर छोटे भाई को तिलक करती बहन।

### बहनों के लिए चुनौती बना सफर

भैयादूज पर सफर बहनों के लिए चुनौती से कम नहीं रहा। रोडवेज तथा डग्गामार बसें यात्रियों से ठसाठस रहीं। दीपावली तथा भैयादूज पर मुकम्मल सरकारी प्रबंध न होने के खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। घंटो खड़े रहकर सवारी का इंतेजार करना पड़ा। बसों की हालत देखकर लोगों ने डग्गामार वाहनों की की तरफ रूख किया लेकिन वहां भी हालत इससे बुरी थी।

### जाम से जूझे लोग

गुरूवार को सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। अतिक्रमण कें बीच वाहनों के बेतरबीत संचालन ने पूरी ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ दी। पूरे दिन ट्रैफिक रेंगकर गुजरा। चौराहों पर खड़े पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे। संकरी सड़क पर चलना भी मुश्किल हो रहा था। ऐसी ही हालत शहर के अंदरूनी हिस्से में मुख्य बाजार की भी रही।

### डग्गामार वाहनों की रही चांदी

भैयादूज पर आटो रिक्शा वालों की भी चांदी रही। बसों में भीड़ होने से मासूम बच्चों के साथ महिलाएं सड़क किनारे वाहनों के इंतेजार में खड़ी रहीं। ऐसे में इन यात्रियों ने ऑटो रिक्शा कर अपनी मंजिल तय की। इसके अलावा डग्गामार वाहनों में सवारियों से मनमाफिक किराया भी वसूला।

# भाईयों ने लिया बहनों की रक्षा का वचन

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**अमरोहा**। भैया दूज पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। जबकि गोला भेंट किया। जबकि भाईयों ने भी बहनों को तरह तरह के उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया।

जिले भर में भैया दूज का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही इसे लेकर भाईयों और बहनों में खास उत्साह था। इस त्योहार पर बहनें मायके आकर भाईयों का तिलक करती है। गुरूवार की सुबह होते ही इसका सिलसिला शुरू हो गया। बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके लिये दीर्घायु की कामना की। जबकि मुंह मीठा कराकर गोला भी भेंट किया। इसके बदले भाईयों ने बहनों को गिफ्ट देकर उनकी रक्षा का वचन लिया। सुबह से ही इस त्योहार को लेकर खास उत्साह देखा गया था।

वैसे तो बीते दिन ही बहनें मायके आ गई थी। लेकिन आज भी बड़ी संख्या में वह मायके पहुंची। जबकि जो बहनें किसी कारण बस मायके नहीं आ सकी उन्होंने गाले पर भैया दूज की। जब भी उन्हें मायके आने का मौका मिलेगा वह उक्त गोले अपने भाईयों को भेंट करेंगी। त्योहार को लेकर हर तरफ रोनक दिखाई दे रही थी। बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ थी। सबसे ज्यादा मिठाई व गोले की बिक्री इस त्योहार पर होती है। यहीं कारण था कि दोनों की दुकानदारों को फुर्सत तक नहीं मिल रहीं थी। गोले के दाम भी 250 रूपये के आस-पास थे। भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भैयादूज जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाईयों ने अपनी बहनों को सामर्थ्य अनुसार नकद धनराशि, उपहार आदि भेंट किए। भैया दूज के पर्व का हिन्दू धर्म में खासा महत्व है।

# हर्ष व उल्लास के साथ मनाया भैयादूज

## भाईयों को तिलक कर लिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भाई-बहन के स्नेह और अटूट रिश्ते का प्रतीक भैयादूज का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में रौनक, पकवानों की महक और रिश्तों की गर्माहट का अलग ही उत्सवी माहौल नजर आया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को भी बहनों ने तिलक कर भाई दूज की शुभकामनाएं दी

सुबह से ही बहनों के आने का इंतजार करते भाइयों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बहनें जब मायके पहुंचीं तो द्वार पर आरती और तिलक की थाल लेकर उनका स्वागत हुआ। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई तथा तरक्की, उन्नति और दीर्घायु की मंगलकामनाएं कीं। बदले में भाइयों ने भी बहनों को मनपसंद उपहार भेंट कर उनका दिन और खास बना दिया। कई भाई-बहन अपने रिश्ते का यह पर्व निभाने के लिए दूर-दराज से पहुंचे। कुछ बहनों ने सुबह-सुबह तिलक कर रस्म निभाई, जबकि कई शाम ढलते-ढलते मायके पहुंचीं। देर शाम तक तिलक, गोला और उपहारों का दौर चलता रहा और घरों में हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। इधर, कई भाई अपनी बहनों के नहीं आ पाने पर स्वयं बहन के ससुराल पहुंचे और तिलक की रस्म निभाई। गांवों और कस्बों में दिनभर "भाई-बहन मिलन" के दृश्य नजर आते रहे।



# धूमधाम से मना भैया दूज का त्यौहार

**■ बहनों ने की भाईयों की दीर्घायु की कामना**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भाई और बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक भैया दूज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर उन्हें गोला भेंट किया और दीर्घायु की कामना की।

भाइयों ने भी बहनों को नकद धनराशि और उपहार भेंट किये। बता दें कि पुरातन काल से ही दीपावली और गोवर्धन त्यौहार के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाइयों की आरती उतारती हैं और मस्तक पर तिलक लगाकर गोला भेंट करते हुए अपने भाई की लंबी उम्र, खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना करती हैं और उनके लिए अपने स्नेह का इजहार करती हैं। भाई भी अपनी ओर से बहन को उपहार और आशीर्वाद देते हैं, जिससे उनके बीच प्यार और भरोसा और मजबूत होता है। यह पर्व केवल उपहार और तिलक का अवसर नहीं है, बल्कि भाई-बहन के पारंपरिक संबंध में सुरक्षा, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को भी उजागर करता है। वहीं भैया दूज के चलते गोले का मूल्य भी और दिनों की अपेक्षा ज्यादा देखने को मिला। मूल्य 400 रूपये किलो के पार रहा।



# फर्जी अभिलेखों से लोन लेने में फंसा दम्पति

## हरियाना के पूर्व प्रधान के बेटे व ठेकेदार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। फर्जी अभिलेखों से लोन लेने में पूर्व प्रधान के बेटे, उसकी पत्नी व एक ठेकेदार के खिलाफ शाखा प्रबंधक ने मुकदमा दर्ज कराया है। मंडी समिति स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शाखा प्रबंधक के मुताबिक शहर के मोहल्ला चाहमुल्ला आमान निवासी एवं डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हरियाना के पूर्व प्रधान हाजी मुस्तकीम के बेटे मुरसलीन अहमद ने 13 मार्च 2015 को बैंक से सात लाख रुपये का लोन लिया था। जिसके लिए मोहल्ला पीरगढ़ में तुर्क कॉलोनी स्थित एक 76 वर्ग मीटर का प्लॉट के बैनामे की मूल प्रति बंधक रखी थी। लोन फाइल में पत्नी के अलावा अपने ठेकेदार दोस्त की गवाही दी थी। दोनों ही इस लोन में गारंटर थे लेकिन लोन लेने के बाद ठेकेदार मुरसलीन अहमद ने शर्तों के मुताबिक अपनी किस्तों की अदायगी नहीं की। लिहाजा, 17 अगस्त 2024 तक ब्याज समेत लोन 815142 रुपये हो गया। इस बीच बैंक द्वारा नोटिस भेजे गए लेकिन न तो उनका संतोषजनक जवाब मिला और न ही लोन की रकम बैंक में जमा कराई गई। बीते दिनों बैंक की रिकवरी टीम जब प्लॉट का निरीक्षण करने पहुंची तो सामने आई जानकारी से होश उड़ गए। पता चला कि मुरसलीन अहमद का फिलहाल कॉलोनी में कोई प्लॉट नहीं है। उनका पहले एक प्लॉट था जो 19 फरवरी 2008 को मोहम्मद कासिम द्वारा खरीदा जा चुका है।जबकि, मुरसलीन अहमद ने बैंक से लोन साल 2015 में लिया था, तब इस प्लॉट को बेचे हुए उन्हें सात साल हो चुके थे। बैंक ने जांच में पाया कि मुरसलीन अहमद ने दोनों गारंटर की मिलीभगत से योजनबद्ध साजिश के तहत धोखाधड़ी कर बैंक से लोन रकम हड़पने के लिए लिया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मुरसलीन अहमद, उनकी पत्नी शबनम तथा मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी जाने आलम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आरोपी मुरसलीन अहमद सरकारी विभागों में ठेकदारी करते हैं। बीते दिनों उन्होंने भाजपा नेता बब्बू मंसूरी के खिलाफ ठेके में पार्टनर बनाकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था हालांकि पुलिस ने मामले में अंतरिम रिपोर्ट लगा दी थी लेकिन अदालत ने अंतरिम रिपोर्ट निरस्त करते हुए पुनर्विवेचना का आदेश दिया था, उक्त मामले में भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# संभल बस स्टैंड चौराहे पर लगा घंटो जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भैयादूज पर सड़कों भीषण पर जाम लग गया। जाम खुलवाने को लेकर पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गये।

गुरुवार को भैयादूज पर त्योहार को पारंपरिक रूप से मनाये जाने के लिए सुबह से ही बहने अपने भाइयों के घर पहुंचनी शुरू हो गई थी। अधिकतर बहने भाईयों के घरों पर अपने निजी वाहनों से पहुंच रही थी। जिससे सड़कों पर वाहनों के अधिक चलने के कारण जाम लगता रहा। संभल बस स्टैंड चौराहा पर सड़क किनारे वाहनों को तलत ट्रैक ने खड़े करने को लेकर जाम लग गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी जाम खुलवाने के लिए जुट गये। घंटे तक संभल बस स्टैंड चौराहा पर जाम लग रहा। जिसके चलते त्यौहार मनाने जा रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ओपी), मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या ई-1-ओटी-स्पीडोमीटर-25 के अंतर्गत खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसके बंद होने की तिथि व समय 11.11.2025, 15:00 बजे है, जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खोली जाएंगी। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | स्पीडोमीटर डेटा विश्लेषण, सीवीवीआरएस डेटा विश्लेषण सभी लोकोमोटिव का, डब्ल्यूएजी-12 लोकोमोटिव की आवाज रिकॉर्डिंग और गति विश्लेषण और एमबी डिवीजन में चालक दल के कॉल डिटेल रिकॉर्ड का एक वर्ष की अवधि के लिए विश्लेषण का कार्य।' (सरकारी नियम के अनुसार जीएसटी सहित सभी वैधानिक भुगतान, कर और शुल्क सहित)। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | डबल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बन्द होने की दिनांक एंव समय | 11.11.2025 15:00 बजे | टेण्डेरिंग सेक्शन | इलेक्ट्रिकल (ओपी) |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | रु.68,61,532.80 (इंक्लूसिव ऑफ आल टैक्सेज एंड चार्जेज, इनक्लुडिंग जीएसटी) | | |
| धरोहर राशि (रू) | रु.1,37,200.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कांट्रेक्ट टाइप | सर्विस | कार्य की अवधि | 01 वर्ष (365 दिन) |

पत्रः वरि.म.वि.अभि./परि./मुर./आउटसोर्सिंग/स्पीडोमीटर विश्लेषक/03/2025 दिनांकः 21.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3285/25

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या | 222-DRM-MB-25-26 dt. 17.10.2025 | | | |
| कार्य का नाम | Outsourcing of Man Power normally utilized as helper for USFD machine over MB Division under Sr. DEN/C/MB. | | | |
| कार्य/सर्विस | सिंगल/टू पैकेट | टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | टेन्डर क्लोसिंग समय | अनुमानित लागत |
| सर्विस | टू पैकेट | 18.11.2025 | 16:00 बजे | 1,06,40,668.50 |
| धरोहर राशि | टेन्डर फार्म की लागत | कार्य पूर्ण करने की अवधि | बिडिंग आरंभ तिथि | आफर की वैधता |
| 2,03,200.00 | Nil | 11 महीने | 04.11.2025 | 90 दिन |

टेन्डर नं.: 75/W/2/3/WA/DEN/T/T. Notice, दिनांक : 22.10.2025

3283/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विराट कोहली फिर शून्य पर लुढ़के



● **आस्ट्रेलिया ने बनाई 2-0 की अजेय बढ़त**

**एडिलेड**, वार्ता। प्लेयर ऑफ द मैच एडम जम्पा (60 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी तथा मैथ्यू शार्ट (74) और कूपर कोनली (नाबाद 61) की शानदार अर्धशतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ रोमांचक दूसरे वनडे में गुरुवार को दो विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने रोहित शर्मा (73), श्रेयस अय्यर (61) और अक्षर पटेल (44) की शानदार पारियों की मदद से निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया,लेकिन विराट कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर लुढ़क गए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 46-2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली। कोनली ने 53 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन की मैच विजयी पारी खेली। शार्ट ने 78 गेंदों पर 74 रन की संयमित पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। मिचेल ओवेन ने 23 गेंदों पर 36 रन में दो चौके और तीन छक्के मारे। मेजबान टीम ने सतर्कता के साथ शुरुआत की। हेड और मार्श ने शुरुआत में समय लिया और फिर मार्श आउट हो गए। हेड भी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सके और राणा का शिकार बने। शॉर्ट ने रेनशॉ के साथ मिलकर पारी को संभाला और समय पर चौके जड़े। भारत ने भी शॉर्ट के दो कैच छोड़े, जो अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। उनके आउट होने के बाद ओवेन आए और उन्होंने पारी को जल्दी खत्म करने की कोशिश की। कूपर कोनली दूसरे छोर पर अनुभवी बल्लेबाजी कर रहे थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ओवेन तब आउट हो गए जब उन्हें कुछ ही रनों की जरूरत थी। बार्टलेट और स्टार्क भी आउट हो गए, लेकिन कोनली ने रन बनाना जारी रखा और अपनी टीम को जीत दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अभी 17 रन जोड़े थे कि सातवें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शुभमन गिल (9) को मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टार क्रिकेटर विराट कोहली को जेवियर बार्टलेट ने पगबाधा कर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। उन्होंने चार गेंदों का सामना किया और एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन जोड़े।

30वें ओवर में मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। रोहित शर्मा ने 97 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली। भारत का चौथा विकेट 160 के स्कोर पर श्रेयस अय्यर के रूप में गिरा।

# सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी महिला बल्लेबाजी बनी मंधाना

**मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी मुकाबले में शतक जड़ा। अपने वनडे करियर के 14वें शतक के साथ मंधाना महिला क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं। बता दें कि, भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला विश्व कप का 24वां मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में कीवियों ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मुकाबले में मंधाना ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 95 गेंदों में 109 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्टार बल्लेबाज ने 10 चौके और चार छक्के ठोके। पहले विकेट के लिए मंधाना ने प्रतिका रावल के साथ 212 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह भारतीय महिला टीम की विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले



हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के बीच 2022 में हैमिल्टन में 184 रनों की साझेदारी हुई थी। मंधाना ने वनडे में अपने 14वें शतक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में उन्होंने तजमिन ब्रिट्स की बराबरी कर ली। दोनों ने 2025 में पांच-पांच शतक लगाए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्याम लाल कॉलेज ने बाबा भगत स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज ने साई कुरुक्षेत्र को 2-1 से हराकर राजस्थान के शाहजहांपुर, जिला कोटपुटली में आयोजित 43वें श्री युक्त बाबा भगत स्मृति ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विजेता के रूप में उसे 51000 रूपए की इनामी राशि भी मिली। उपविजेता टीम को 25000 रूपए से संतोष करना पड़ा। श्याम लाल कॉलेज की तरफ से सतीश और प्रत्यूष सिंह जग्गी ने मैच में एक-एक गोल किया जबकि साई कुरुक्षेत्र की तरफ से एक गोल सहजप्रीत ने किया। इस टूर्नामेंट में देश भर से 32 टीमों ने भाग लिया। बेस्ट डिफेंडर ऑफ़ द टूर्नामेंट का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के राहुल को मिला जबकि बेस्ट फॉरवर्ड ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड साई कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी बिटू को मिला।

### कजाकिस्तान के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए भारत ने की 23 सदस्यीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने कजाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पहला मैच 25 और तथा मुकाबला 28 अक्टूबर को कजाकिस्तान के शिमकेंट में होगा। इसे अप्रैल 2026 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए भारत की तैयारियों के रूप में देखा जा रहा हैं। भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में एक संक्षिप्त शिविर के बाद आज सुबह कजाकिस्तान के लिए रवाना हुई और शाम को शिमकेंट पहुंचेगी।

# तीसरे एशियाई युवा खेलों के लिए मनामा में 4000 से ज्यादा युवा एथलीट एकत्रित हुए

**मनामा, वार्ता।** तीसरे एशियाई युवा खेल (एवाईजी) बुधवार शाम बहरीन में आधिकारिक रूप से शुरू हो गए, जिसमें 45 एशियाई देशों और क्षेत्रों के 4,000 से ज्यादा युवा एथलीट शामिल हुए। 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में 26 खेल और 232 स्पर्धाएं शामिल हैं, जो एवाईजी के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन है।

कुल 4,074 एथलीट, जिनमें 2,425 पुरुष और 1,649 महिलाएं शामिल हैं, प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो 2013 के नानजिग खेलों में 2,413 प्रतिभागियों और 2009 के उद्घाटन सिगापुर खेलों में 1,321 प्रतिभागियों से अधिक है। बहरीन के राजा के प्रतिनिधि और खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख नासिर बिन हमद अल खलीफा ने खेलों के उद्घाटन की घोषणा की। सखिर क्षेत्र में उद्घाटन समारोह के दौरान, बहरीन सुप्रीम काउंसिल फॉर यूथ एंड स्पोर्ट्स के प्रथम उपाध्यक्ष शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा ने कहा कि यह आयोजन खेलों को लोगों के बीच एक सेतु और एशिया की युवा पीढ़ी के लिए गौरव का स्त्रोत बताता है। उन्होंने कहा कि एशियाई युवा खेल भविष्य के ओलंपिक एथलीटों की पहचान करने का एक मंच भी हैं जो महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि ये प्रतियोगिताएं एशियाई खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, और उन्होंने सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से रिकॉर्ड समय में एक प्रमुख क्षेत्रीय आयोजन आयोजित करने की बहरीन की क्षमता का हवाला दिया।

# जीत से विदाई के लिए उतरेंगे पाक-श्रीलंका

**दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी**

**कोलंबो, वार्ता।** मेजबान श्रीलंका महिला टीम कल यहां आर प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान महिलाओं के खिलाफ एक बेमेल मुकाबले में अपने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 अभियान का शानदार समापन करना चाहेगी। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं, ऐसे में प्रतिष्ठा दांव पर होगी क्योंकि चामरी अथापट्टू की श्रीलंकाई टीम बांग्लादेश पर मिली हालिया करीबी जीत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी, जबकि फातिमा सना की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में है। छह मैचों में एक जीत और तीन हार दर्ज करने वाली श्रीलंकाई टीम इस मुकाबले में नए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। हसीनी परेरा की 99 गेंदों पर 85 रनों की तेज पारी और कप्तान चामरी की चार विकेट सहित ऑलराउंड प्रतिभा ने उनके पिछले मैच में अहम भूमिका निभाई थी। नीलाक्षी डी सिल्वा ने भी 37 रनों की तेज पारी खेलकर मध्यक्रम की विश्वसनीयता को मजबूत किया।

गेंदबाजी में, चामरी, इनोका रनवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने विकेट चटकाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कुल मिलाकर निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद श्रीलंका ज्यादातर मैचों में प्रतिस्पर्धी बना रहे। इस बीच, पाकिस्तान के लिए यह टूर्नामेंट बेहद मुश्किल रहा है, जहां उसे लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका से बारिश से प्रभावित हार भी शामिल है। सिदरा नवाज, नतालिया परवेज और सिदरा अमीन की अगुवाई वाली उनकी बल्लेबाजी लय हासिल करने के लिए जूझती रही है, जबकि सादिया इकबाल और नशरा संधू की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने लगातार समर्थन के बिना उम्मीद की किरण दिखाई है। प्रेमदासा की पिच ने मध्यम स्कोरिग के अवसर प्रदान किए हैं, इस विश्व कप में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 245 रन रहा है। हालांकि, मैच के दिन भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जिससे दोनों कप्तान टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से, दोनों टीमें विश्व कप में दो बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से प्रत्येक ने एक-एक जीत साझा की है।

# पंजाब किंग्स ने सैराज बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर सैराज बहुतुले को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

वह सुनील जोशी की जगह लेंगे, जिन्होंने 2023 से 2025 तक यह पद संभाला था। बहुतुले, जिन्हें हाल ही में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था, जहां उन्होंने यही भूमिका निभाई थी, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने लंबे कोचिंग करियर का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। 51 वर्षीय बहुतुले इससे पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं और सभी प्रारूपों में युवा भारतीय गेंदबाजों को निखारने में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है।

बहुतुले का टीम में स्वागत करते हुए, पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने कहा कि हम सुनील जोशी को वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति उनकी समर्पित सेवा और योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आगे बढ़ते हुए, हम सैराज बहुतुले का अपने कोचिंग स्टाफ में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। खेल की उनकी गहरी समझ, खासकर घरेलू गेंदबाजों को तैयार करने और रणनीति बनाने का उनका व्यापक अनुभव, हमारी टीम के लिए अमूल्य होगा।

# साइमन की फिरकी के आगे पाक पस्त



**रावलपिडी, वार्ता।** साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को दूसरी पारी में 132 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद 68 रनों के लक्ष्य को 12-3 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने कल के चार विकेट पर 94 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में पाकिस्तान का पांचवां विकेट मोहम्मद रिजवान (18) के रूप में गिरा। इसके बाद नोमान अली (शून्य) पर पवेलियन लौट गए। दोनों बल्लेबाजों को साइमन हार्मर ने आउट किया।

शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) रनआउट हुए। आगा सलमान (28) को केशव महाराज ने बोल्ड आउट किया। केशव महाराज ने 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर साजिद खान (13) को आउटकर पाकिस्तान की दूसरी पारी का 132 के स्कोर पर अंत कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर (छह विकेट) और केशव महाराज (दो विकेट) मिले। पाकिस्तान को 67 रनों की बढ़त हासिल हुई, और इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए नोमान अली ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। रायन रिकलटन 25 रन बनाकर नाबाद रहे। एडन मारक्रम ने 42 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने शान मसूद, सऊद शकील और अब्दुल्ला शफीक ने अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से पहली पारी में 333 रनों का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुथुसामी (89) और कगिसो रबाडा (71) की शानदार पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने 404 रनों का स्कोर खड़ा कर 71 रनों की बढ़त हासिल की।

### तीसरा टी-20 बारिश के चलते रद्द इंग्लैंड ने जीती सीरीज

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इसी के साथ क्राइस्टचर्च में दूसरे टी-20 मैच में जीत की बदौलत इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। पहला टी-20 मैच भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। खेल समय पर शुरू हुआ और टिम सीफर्ट ने पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर पारी की शुरुआत की, लेकिन बारिश ने पहली बार खेल में खलल डाला और डेढ़ घंटे की देरी हुई। इस देरी के कारण 14 ओवर प्रति टीम का खेल छोटा हो गया। इसी दौरान दूसरे ओवर में ब्रायडन कार्स ने टिम रॉबिन्सन (दो) को आउट किया।

# भारत को पुनः सीओपी 10 ब्यूरो का उपाध्यक्ष चुना गया




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में 20-22 अक्टूबर 2025 तक आयोजित खेलों में डोपिग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी 10) के दसवें सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक इस सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो विश्व स्तर पर खेलों में डोपिग को समाप्त करने और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय साधन है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार शामिल थे। उन्होंने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, विश्व डोपिग रोधी एजेंसी (वाडा) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। कार्यवाही के दौरान, भारत को 2025-2027 की अवधि के लिए एशिया-प्रशांत ब्यूरो (समूह प्ट) का पुनः उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबैजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने-अपने क्षेत्रीय समूहों के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। भारत ने एंटी-डोपिग कन्वेंशन की यात्रा को प्रदर्शित करने वाले इंटरैक्टिव बोर्ड के प्रावधान की सुविधा प्रदान करके सीओपी 10 सत्र की कार्यवाही को भी अपना समर्थन दिया। बैठक में राष्ट्रीय सरकारों, डोपिग रोधी संगठनों और यूनेस्को के स्थायी प्रतिनिधिमंडलों के 500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के तहत शासन और अनुपालन को मजबूत करने, खेलों में डोपिग उन्मूलन कोष के वित्तपोषण और जीन हेरफेर, पारंपरिक औषधि-संहिता और खेलों में नैतिकता सहित उभरती चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई। सीओपी 9 ब्यूरो और अनुमोदन समिति की रिपोर्ट में संस्थागत सुसंगतता, रणनीतिक संचार और अंतर-क्षेत्रीय एकीकरण पर जोर दिया गया।

# बाबर आजम और नसीम शाह की पाकिस्तान की टी-20 टीम में हुई वापसी



**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम में बाबर आजम, नसीम शाह और अब्दुल समद को वापस बुलाया है। टीम में अनकैप्ड उस्मान तारिक को भी जगह मिली हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों टी-20 श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिडी और लाहौर में खेली जाएगी, जिसके बाद 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थानों पर त्रिकोणीय श्रृंखला होगी। बाबर और नसीम ने आखिरी बार 2024 के अंत में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे और हाल ही में हुए एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। लेकिन उनकी वापसी से अगले साल चार महीने बाद होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके चयन की संभावनाएं बढ़ गई हैं। फखर जमान और हारिस रऊफ, सूफियान मोकिम रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं।

पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय टी-20 टीम इस प्रकार है: सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेट कीपर), सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेट कीपर) और उस्मान तारिक। इस बीच, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद में तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगे। इसके बाद पाकिस्तान 11 से 15 नवंबर तक रावलपिडी में श्रीलंका के साथ एक और एकदिवसीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए, नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 सदस्यीय टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें फैसल अकरम, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

# रवींद्र जडेजा रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे

**रणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शनिवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के अगले दौर में सौराष्ट्र के लिए खेलेंगे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि रवींद्र जडेजा के अगले मैच में खेलने की उम्मीद है। राणजी ट्रॉफी का दूसरा दौर 25 अक्टूबर से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में शुरू होगा। पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र अपने घरेलू मैदान पर से भिड़ेगी।

जडेजा को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारत की एकदिवसीय टीम में नहीं चुना गया जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए प्रथम श्रेणी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है ताकि वह अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तैयार कर सकें। 36 वर्षीय जडेजा ने आखिरी बार पिछले सीजन में असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

उन्होंने उस सीजन में दो मैच खेले थे और दिल्ली के खिलाफ अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ प्लेयर ऑफ द मैच (38 रन, 66 रन पर पांच विकेट और 38 रन पर सात विकेट) बने थे। सौराष्ट्र के लिए कुल 47 रणजी मैचों में उन्होंने 57-60 की औसत से 3,456 रन बनाए हैं और 21-25 की औसत से 208 विकेट लिए हैं। सीजन के अपने पहले मैच में, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पहली पारी में मामूली बढ़त दिलाकर हराया था, जिसमें धर्मेंद्र जडेजा प्रमुख खिलाड़ी साबित हुए थे। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने पहली पारी में 124 रन देकर 7 विकेट सहित कुल 10 विकेट लिए थे। सौराष्ट्र की कमान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के हाथों में है।



### विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विश्वजीत मोरे ने 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्बिया के नोवी साद में आयोजित अंडर-23 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। कांस्य पदक के मुकाबले में, विश्वजीत ने असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए कजाख पहलवान को 5-4 के करीबी स्कोर से हराकर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया। विश्वजीत ने अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड में एक रोमानियाई पहलवान पर शानदार जीत के साथ की और अगले राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अमेरिकी पहलवान को हराकर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

# जेल में बंद अपने भाइयों के तिलक करने पहुंची बहनें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के प्रतीक पर्व भाई दूज के अवसर पर गुरुवार को मुरादाबाद जिला कारागार में भावनात्मक माहौल देखने को मिला। सुबह से ही जेल परिसर के बाहर बहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज इलाकों से आई बहनें अपने बंदी भाइयों का तिलक करने और उनका हाल जानने के लिए जेल पहुंचीं।जिला कारागार प्रशासन की ओर से इस अवसर पर विशेष व्यवस्था की गई थी। बहनों के लिए अलग से प्रतीक्षा स्थल बनाया गया, जहां बैठने और पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई। सुरक्षा की दृष्टि से जेल प्रशासन ने सघन चेकिंग के बाद ही बहनों को अंदर प्रवेश दिया। निर्धारित समय पर एक-एक कर बहनों को अपने भाइयों से मिलने का अवसर मिला। जैसे ही बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी, माहौल भावनाओं से भर उठा। कई बहनें अपने भाइयों को देखकर भावुक हो उठीं तो कुछ ने उनकी सलामती और जल्दी रिहाई की कामना की।इस मौके पर जेल अधीक्षक ने बताया कि हर साल भाई दूज पर जेल प्रशासन की ओर से बंदियों और उनकी बहनों के मिलने के लिए विशेष इंतजाम किए जाते हैं ताकि त्यौहार का आनंद जेल की दीवारों के भीतर भी महसूस किया जा सके। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जेल के अंदर और बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।भाई दूज का यह पर्व जिला कारागार में भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता का सजीव उदाहरण बन गया। जहां एक ओर बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र की कामना की, वहीं भाइयों की आंखों में अपने घर-परिवार से मिलने की उम्मीद और प्यार झलकता नजर आया। जेल की ऊंची दीवारों के बीच भी आज रिश्तों का यह पवित्र बंधन उमंग और भावनाओं से सराबोर दिखाई दिया।





# बच्चे को गोद में लेकर ड्यूटी करने पहुंचीं महिला कांस्टेबल, सोशल मीडिया पर हो रही तारीफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एक महिला कांस्टेबल ने फर्ज और मातृत्व का ऐसा संगम दिखाया, जिसे देखकर हर कोई उनकी सराहना कर रहा है। पुलिस लाइन में तैनात महिला कांस्टेबल सुषमा गंगवार ने भाई दूज के दिन अपने एक साल के बच्चे को गोद में लेकर ड्यूटी निभाई, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।दरअसल, भाई दूज के अवसर पर मुरादाबाद जिला कारागार में बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों को तिलक करने पहुंचीं। इस दौरान जेल परिसर में सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी महिला पुलिसकर्मियों को सौंपी गई थी। सुषमा गंगवार की ड्यूटी भी वहीं लगी थी, लेकिन घर में अकेले होने के कारण वह अपने छोटे बच्चे को घर पर नहीं छोड़ सकीं। जिम्मेदारी के प्रति समर्पण दिखाते हुए उन्होंने बच्चे को गोद में लेकर अपनी ड्यूटी पूरी की।कड़ी धूप और भीड़ के बीच भी सुषमा ने न सिर्फ अपनी जिम्मेदारी निभाई बल्कि वहां आई महिलाओं की सहायता करते हुए जेल परिसर की व्यवस्था को भी सुचारू बनाए रखा। यह दृश्य देखकर हर कोई उनकी तारीफ करता नजर आया।



सोशल मीडिया पर लोग उनकी तस्वीरें साझा कर लिख रहे हैं,यही हैं असली नारी शक्ति, जो मां भी है और कर्मवीर भी।महिला कांस्टेबल सुषमा गंगवार ने साबित किया है कि एक मां होने के साथ-साथ वह अपने फर्ज के प्रति भी पूरी तरह समर्पित हैं। उनके इस जज्बे ने मुरादाबाद पुलिस को गर्व का मौका दिया है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी उनके इस साहसिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि सुषमा जैसी कर्मठ महिला पुलिसकर्मी संगठन की सच्ची पहचान हैं।

# भैया दूज पर्व पर रोडवेज बस स्टैंड पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भैया दूज पर्व पर गुरुवार को रोडवेज बसों में भारी भीड़ देखने को मिली। जैसे ही बसें स्टैण्ड पर पहुंचीं, सवारियां टूट पड़ीं। परिवहन निगम ने अतिरिक्त चक्कर लगवाए, लेकिन दोपहर बाद यात्रियों की संख्या इतनी बढ़ गई कि बसों में जगह कम पड़ने लगी। हजारों बहनें अपने भाईयों के घर भैया दूज मनाने के लिए रवाना हुईं। सुबह से ही रोडवेज बस स्टैण्ड, प्राइवेट बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन पर भीड़ उमड़ने लगी, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। बसों में चढ़ने के दौरान यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई।

महिलाओं को अपने बच्चों के साथ बसों में चढ़ने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। भीड़ के कारण कई बार रोडवेज परिसर में जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। यात्रियों की सुविधा के लिए दो दारा. ेगा एवं पुलिसकर्मी लगातार व्यवस्था संभालते रहे। वहीं, रोडवेज बस स्टैण्ड इंचार्ज राजीव कुमार स्वयं सवारियों को बैठाने की निगरानी करते रहे। देर रात तक सवारियों का अपने गंतव्य स्थानों पर आने-जाने का सिलसिला जारी।





# जनपद के दर्जन भर गांव में 'रिसोर्स रिकवरी सेंटर' के लिए नहीं मिली जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जनपद में अभी 12 ऐसे गांव हैं जहां रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) के लिए जगह ही नहीं मिल पाई है। 11 ऐसे केंद्र हैं, जिनका निर्माण अधूरा है। मंडल स्तरीय समीक्षा में यह बात सामने आई है। जिसके बाद डीपीआरओ, खंड विकास अधिकारी और प्रधानों को पत्र जारी हुआ है।

जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे फेज के लिए शासन की ओर से लक्ष्य जारी कर गांवों में कूड़ा प्रबंधन के लिए इन केंद्रों के निर्माण का कार्य शुरू कराया गया। इस स्थान पर ही गांव का सफाई कर्मचारी घरों से निकला कूड़ा रखते हैं। जहां से उनकी छंटाई और उसके निस्तारण के विविध तरीके हैं, लेकिन मुरादाबाद के ब्लॉक सदर में चार, मूंढापांडे के चार, कुंदरकी, छजलैट और भगतपुर टांडा को मिलाकर 12 गांवों में इस केंद्र के निर्माण के लिए स्थान ही नहीं मिल पाया है। मंडल भर के इन केंद्रों के निर्माण की समीक्षा की गई है। रामपुर और बिजनौर ने लक्ष्य के अनुरूप केंद्र बनवाए हैं। मुरादाबाद सहित अन्य जिलों में यह कार्य अधूरा है।

जिला पंचायत राज अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। गांव में कचरा निस्तारण के लिए स्थान तय किया गया है, जिसके तहत रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) का निर्माण होता है।

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भैयादूज

**ठाकुरद्वारा।** नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा एवं ग्रामीण क्षेत्र कालाझांडा, वोवदवाला, शरीफ नगर ,रतुपुरा, मानपुर दत्तराम, गोप. ेवाला, निर्मलपुर, रामनगर खागूवाला , बहेडी ब्रहम्नान आदि में भाई-बहन के अटूट स्नेहिल रिश्ते का प्रतीक भैय्यादूज पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । प्रात:काल से ही बहनें अपने भाई के घर आना प्रारम्भ हो गई । बसों में काफी भीड़ देखी गई।

मिष्ठान की दूकानों और सड़क मार्ग पर नीजि दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की चहल-पहल रही है। प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा हेतु पुलिस बल तैनात है । इस शुभ अवसर पर बहनें अपने भाई की सुख समृद्धि एवं स्वस्थ दीर्घायु की मंगल कामना करती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि पर यमराज अपनी बहन यमुना के आमंत्रण पर उसके घर आये थे। वहां उनकी बहन यमुना ने सम्मान एवं स्नेह पूर्वक अपने भाई का आदर सत्कार किया। जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया कि जो भाई-बहन इस दिन यमुना में स्नान कर यम पूजा करेंगे उसे सुख समृद्धि के साथ दीर्घकालिक स्वस्थ एवं सुखी जीवन प्राप्त होगा और यमलोक जाने का भय नहीं रहेगा। बहने अपने भाई को चौकी पर ससम्मान बैठाकर नारियल, मिष्ठान, पान सुपारी, बताशे, पुष्प और काले चने भेंट कर शुभ मुहूर्त में रोली, कुमकुम एवं अक्षत का तिलक लगाकर मंगल कामना करती हैं। इस अवसर पर भाई भी अपनी सामर्थ्य अनुसार वस्त्राभूषण आदि उपहार भेंटकर बहन की रक्षा का वचन देते हैं।



**ठाकुरद्वारा क्षेत्र में भैय्या दूज पर बहन भाई का तिलक कर दीर्घायु की कामना करती।**

# भूमि के भूमाफियाओं ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर महिला को बेचने के मामले में महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** रजिस्टर्ड बनाने से खरीदे प्लाट का भूमाफिया ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे को बैनामा करा दिये जाने के मामले में पुलिस ने महिला सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा शुरू कर दी । नगर ये मोहल्ला जाटान निवासी जगबीर सिंह पुत्र खान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा कि प्रार्थी ने गाटा सं 441 में से 28 डेसीमल आराजी नगर के मोहल्ला जमनावाला निवासी मौ अली खां पुत्र याकूब खां, शराफत अली खां पुत्र शेर अली खां, अफसर अली खां एडवोकेट पुत्र मौ अली खां, निवासी जमनावाला व सफदर अली खाँ एडवोकेट पुत्र हसमत अली खां निवासी मौहल्ला ताली से दो लाख 90 हजार रुपये में दिनांक 11-02-2013 को रजिस्टर्ड बेनाम सी खरीदी थी तथा उक्त लोगों ने मौके पर मौजूद अपना पूर्ण हिस्सा प्रार्थी को बेच दिया था, जिसके आधार पर प्रार्थी का नाम नगरपालिका के गृहकर रजिस्टर में दर्ज चला आ रहा है तथा प्रार्थी मौके पर काबिज व दाखिल है। अली खां पुत्र शेर अली खां निवासी मौ मनिहारान वार्ड नं 03 कस्बा ठाकुरद्वारा ने नफा नाजायज कमाने की नियत से सविता पत्नी अशोक कुमार निवासी ग्राम लौंगीकलां, मुनेश कुमार पुत्र सुम्मेर सिंह निवासी ग्राम फरीदनगर, सोनू कुमार पुत्र हरि सिंह निवासी रतूपुरा व अशोक कुमार पुत्र नामालूम निवासी लौंगीकलां से हमसाज होकर षडयन्त्र पूर्वक बिना किसी कब्जे व स्वामित्व के प्रार्थी की भूमि का बयनामा दिनांक 22-05-2025 को कपटपूर्ण ढंग से सविता देवी के नाम लिखवा लिया है। उक्त कूटरचित बयनामें के आधार पर 23-09-2025 को उक्त व्यक्ति प्रार्थी के प्लाट पर आये तथा उसमें रखे प्रार्थी के सामान को हटाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश की इस प्रकार उक्त सभी व्यक्तियों ने आपस में हमसाज होकर कूटरचित दस्तावेज के असल के रूप में प्रयोग किया प्रार्थी की उक्त भूमि पीडब्लूडी रोड से 20 मी की दूरी पर है तथा सड़क पर व्यवसायिक दुकानें भी चल रही हैं, इस तथ्य को भी उक्त बयनामें में छुपाकर धोखा धड़ी की गई है।

पुलिस ने धोखा धड़ी कर भूमि खरीदने के मामले में महिलाओ साहित पाच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाचँ शुरू कर दी।

# पुलिसकर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत गुरुवार को जनपद सम्भल में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चौपालों का आयोजन किया गया। इन चौपालों में महिला संबंधित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर आमजन, विशेष रूप से महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित महिला सुरक्षा व कल्याण से जुड़ी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान भारत योजना, सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जैसी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी दी गई।

महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट बांटकर भी महिलाओं को जागरूक किया और उन्हें निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज कराने व कानून का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण प्रदान करना है।





# पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा, फिर शुरू हुआ खेल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में दीपावली के पावन पर्व बड़े पैमाने पर जुआ खेला जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भैया दूज पर नगर में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए तीन जुआरियों को पकड़ लिया। बाद में पुलिस ने फरीदनगर स्थित पुलिस चौकी पर ले गए।

जहां पर पुलिस ने जुआरियों से हमसाज होकर बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। बाद में सुविधा शुल्क न मिलने जुआरियों को फिर पकड़ने के लिए पुलिस के घर पहुंच गई। जहां से पुलिस जुआरियों को पकड़ कर कोतवाली ले आयी। जहां पर जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व गोवर्धन पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**ठाकुरद्वारा।** नगर से लेकर देहात क्षेत्र में भोजपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र मे प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान का पर्व गोवर्धन पूजा श्रद्धापूर्वक मनाया गया। बुधवार की देर रात्री मे क्षेत्रके गांव शरीफ नगर , सुरजन नगर, जटपुरा , लोगी कला , सुल्तानपुर दोस्त, गोप. ेवाला, निर्मलपुर बहेडीब्रह्मनान रत तुपु रा मे घरों में गाय के गोबर से पशुधन के रूप में गाय आदि के प्रतिरूप बनाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान किसानों ने खेती में उपयोग होने वाले उपकरण व आत्मरक्षा में उपयोग शस्त्रों व कृषक परिवारों में अपने प्रत्येक पशु के प्रतिरूप की पूजा अर्चना की गई। शास्त्रों में गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है , जो सुख एवं समृद्धि प्रदान करती है ।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर पशुओं को नहला कर सींगों एवं शरीर पर तेल लेपन कर सुसज्जित कर पूर्ण रूप से विश्राम दिलाया गया तथा गुड, चना, गेंहू का दलिया आदि के साथ पोष्टिक चारा आदि खिलाकर स्नेह के साथ दुलारा गया। वास्तव में यह पर्व प्रकृति, पशु और पर्यावरण के प्रति आभार जताने का पर्व है । इस पर्व को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है । बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के क्रोध एवं अहंकार को तोड़कर ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाने की घटना का स्मरण कराता है। सनातन धर्मशास्त्र के अनुसार प्राकृतिक विपत्तियों से बचाव ,अपने समाज एवं परिवार के कल्याण के लिए गोवर्धन पूजा करने का विधान बताया गया है।

# पति के हमले में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**ठाकुरद्वारा।** पति ने अपनी गर्भवती पत्नी के पेट में चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि महिला के पेट में पल रहे बच्चों की पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया । जनपद बिजनौर के थाना रेल के गांव हरकिशनपुर निवासी रामकुमार सिंह ने 12 फरवरी 2022 को अपनी बेटी ममता देवी की शादी ठाकुरद्वारा के गांव अब्दुल्लापुर लेना निवासी यशपाल सिंह के बेटे के साथ की थी । लेकिन शादी की समय से ही दहेज की मांग को लेकर वह उसकी बेटी का उत्पीड़न करते थे । बार-बार वह बेटी पर दबाव बनाकर दो लाख की मांग कर रहे थे । जबकि वह समय-समय पर उनकी लगातार आर्थिक मदद करता चला रहा था लेकिन इससे भी उनको संतोष नहीं था । इसी के चलते 6 अक्टूबर की सवेरे ममता के पेट में उसके पति यशपाल सिंह ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था । वह पांच माह की गर्भवती थी।

ममता को गंभीर हालत में मुरादाबाद के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया । ऑपरेशन के दौरान ममता के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई । ममता के पिता की तहरीर परपुलिस ने महिला के पति यशपाल ससुर अंतराम सिंह जेठ शिवराज सिंह केखिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी । तभी से महिला का उपचार चल रहा था उपचार के दौरान बुधवार को उसकी अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर महिला के मायके वाले भी वहां आ गए उधर पुलिस ने ममता की मौत का पता चलने पर उसके पति यशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया महिला का शब्द कब्जे मेंलेकर पोस्टमार्टम कराया।

## दीपोत्सव पर उल्लास के साथ विवादों की भी रही छाया

**चन्दौसी।** दीपोत्सव खुशियों का पर्व है। 14 वर्षों के वनवास के बाद जब भगवान श्रीराम अयोध्या लौटे थे, तब नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से यह पर्व दीपोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार भी नगर और ग्रामीण अंचलों में दीपों की जगमगाहट और मिठाइयों की बिक्री से बाजार गुलजार रहे। करोड़ों रुपये के उपहारों और मिठाइयों का आदान-प्रदान हुआ।

हालांकि, दीपोत्सव की खुशी के बीच कुछ अप्रिय घटनाएं भी सामने आईं। शराब के नशे में कई स्थानों पर झगड़े हुए। कोतवाली क्षेत्र के रामनगर कैथल में शराबियों जितेंद्र, अर्जुन और कृपाल ने पानसिंह के घर पर मारपीट की, जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आईं। वहीं कैथल में दो गुटों के बीच शराब के नशे में विवाद हो गया। 3 जुआरी इस बार अपने मंसूबे पूरे नहीं कर सके। वहीं मजाकिया तौर पर कहा जाए तो दीपोत्सव पर शराबियों ने भी प्रदेश की जीडीपी बढ़ाने में योगदान दिया।

# प्रेमी की चौखट पर शादी की जिद लेकर कोलकाता से ठाकुरद्वारा पहुंची प्रेमिका

**ठाकुरद्वारा।** सात जीने मरने की कसमें खा चुकी प्रेमिका कोलकाता से अपने प्रेमी के घर पहुंचकर शादी की जिद को लेकर उसकी चौखट पर धरना दे दिया। दिनभर चले हंगामे के बाद पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। मामला ठाकुरद्वारा क्षेत्र का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रेमी और प्रेमिका दोनों मुजफ्फरनगर की एक निजी कंपनी में काम करते थे। वहीं पर दोनों के बीच जान-पहचान हुई । दोनों की पहचान ही धीरे-धीरे प्रेम संबंधों में बदल गई। करीब दो साल करने के बाद प्रेमी काम करने के बाद युवक कंपनी छोड़कर अपने घर, मुरादाबाद रोड स्थित एक गांव में लौट आया। जब प्रेमिका को इसकी जानकारी मिली तो वह कोलकाता से सीधा ठाकुरद्वारा अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और प्रेमी के घर की चौखट पर बैठकर शादी करने की जिद करने लगी। युवती के धरने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में चर्चा शुरू हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और प्रेमिका को थाने ले गई। वहीं, प्रेमी युवक और उसके परिजनों को भी कोतवाली बुलाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद उन्हें आपसी सहमति से परिजनों के सुपुर्द कर दिया। यह मामला पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

# बाइक सवारों को मारपीट कर किया घायल

**ठाकुरद्वारा।** स्योहारा रोड पर देर रात बाइक की लाइट पड़ने पर सड़क किनारे बैठे युवकों ने बाइक सवार दो व्यक्तियों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक ड्राइवर अपने साथी के साथ बाइक से पास के गांव रामनगर जा रहा था। रास्ते में स्योहारा रोड पर कुछ युवक सड़क किनारे बैठे थे। जैसे ही बाइक की लाइट उन पर पड़ी, वे भड़क गए और बाइक सवारों पर हमला बोल दिया। दोनों की जमकर पिटाई की गई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर राहगीरों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को छुड़ाया। बाद में घायल ट्रक ड्राइवर कोतवाली ठाकुरद्वारा पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की पहचान की जा रही है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# मुलाकात पर विराम

22वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में जोकि 26 से 28 अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में हो रहा है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच होने वाली मुलाकात पर विराम गुरुवार को उस समय लग गया, जब पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से शिरकत करने की जानकारी दी। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर पीएम मोदी 26 अक्टूबर को आसियान शिखर सम्मेलन में वर्चअुल माध्यम से भाग लेंगे। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि पीएम मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। भारत का यह भी कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी नीति और हमारे हिन्द प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को क्वालालंपुर में 20वें पूर्वी एशियाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट के माध्यम से कहा कि उनकी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बात हुई जिसमें उन्होंने आसियान की अध्यक्षता के लिए बधाई दी और आगामी सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं। मोदी की पोस्ट की प्रतिक्रिया में मलेशिया के पीएम ने एक पोस्ट में बताया कि भारतीय पीएम ने उन्हें फोन किया और व्यापार निवेश प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की और श्री मोदी ने उन्हें बताया कि वह शिखर सम्मेलन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे, क्योंकि भारत में इस समय त्योहार चल रहे हैं। असल में भारत-अमेरिका में व्यापार समझौतों को लेकर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है और यह कयास लगाए जा रहे थे कि आसियान शिखर सम्मेलन में ट्रम्प और मोदी के बीच मुलाकात के दौरान इसमें कोई प्रगति हो सकती है, लेकिन अब जबकि पीएम मोदी मलेशिया नहीं जा रहे हैं, तो दोनों के बीच मुलाकात की संभावना खत्म हो गई है। जाहिर है, राजनीतिक जानक. ार पीएम के इस सम्मेलन से वर्चुअल माध्यम से जुड़ने के पीछे अमेरिका और भारत के बीच पिछले कुछ समय से खट्टे मीठे रिश्ते चल रहे हैं। ट्रम्प पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त भी बताते हैं, लेकिन साथ ही साथ ऐसी हरकतें करते हैं जिससे उनके सामने असहज स्थिति पैदा हो जाती है। भले ही मलेशिया न जाने के पीछे भारत में हो रहे त्योहार भी एक कारण रहा हो, लेकिन यह भी सच है कि भारत और अमेरिका के बीच इस समय रिश्ते नाजुक दौर से गुजर रहे हैं।

## गगनयान मिशन की तैयारियां तेज



भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं, अब तक मिशन से जुड़ा लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है, गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है और इसके लिए कई जटिल तकनीकों को विकसित करना पड़ा है, इस मिशन के लिए राकेट को मानव उड़ान के लिए उपयुक्त बनाना था, आर्बिटल माड्यूल तैयार करना था और पर्यावरण नियंत्रण व सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी थी। इसके अलावा, क्रू एस्केप सिस्टम, पैराशूट सिस्टम और अन्य मानव-संबंधी तकनीकें भी बनानी पड़ीं, अब तीन बिना मानव वाले मिशनों को पूरा करना बाकी है। इन मिशनों के सफल होने के बाद ही अंतरिक्षयात्रियों को भेजा जाएगा।

**-वी. नारायणन, इसरो प्रमुख**

# जन नायक राहुल गांधी पटना कब जाएंगे





**उर्मिलेश**

**बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन-चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ-साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है।**

चुनाव लड़ने वाली हर पार्टी चाहती है और चाहना चाहिए कि आगामी चुनाव में उसका प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुक. ाबले बेहतर हो। इसके लिए समझदार नेतृत्व वाली पार्टियां पिछले चुनाव की अपनी कमजोरियों से सबक लेती हैं। बिहार के विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों ने क्या अतीत की अपनी कमजोरी से कोई सबक लिया है या लेती नजर आ रही हैं ? पहले कांग्रेस की चर्चा करते हैं, वह देश की सबसे पुरानी और अनुभवी पार्टी है, वैचारिक रूप से आज वह राष्ट्रीय स्तर पर INDIA एलायंस का नेतृत्व भी कर रही है, लेकिन मेरे हिसाब से इस चुनाव में वह भारी गलतियां करती नजर आ रही है, अतीत से कोई सबक न लेने वाली पार्टियों में उसका रिकॉर्ड सबसे खराब है।

पिछले चुनाव (2020) में उसका स्ट्राइक रेट सबसे खराब था, गठबंधन में उसने अपने राष्ट्रीय पार्टी के दबदबे का इस्तेमाल किया और जिद करके 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह मात्र 19 सीट पर ही जीत सकी, राष्ट्रीय जनता दल ने 144 सीटों पर उम्मीदवार दिए थे, उसे 75 सीटों पर कामयाबी मिली। सीपीआई-माले को लड़ने के लिए गठबंधन ने सिर्फ 19 सीटें दीं उसने 12 पर जीत हासिल की, इस तरह स्ट्राइक रेट के हिसाब से सीपीआई-माले नंबर वन और राष्ट्रीय जनता दल दूसरे नंबर पर रहा, कांग्रेस फिसड्डी रही, उसके कम स्ट्राइक रेट को भी महागठबंधन की सरकार न बनने के कारणों में शुमार किया गया। ऐसे में कांग्रेस का यह कर्तव्य बनता था कि वह अपने संगठन की सक्रियता और उम्मीदवारों के चयन पर ज्यादा सजग रहती, लेकिन असलियत उसके उलट रही। बिहार में बीते काफी समय से कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी तक नहीं है, सिर्फ एक अध्यक्ष है और केंद्रीय संगठन से भेजा एक राज्य प्रभारी! यही दोनों पूरे बिहार कांग्रेस का संगठन चलाते हैं, दोनों में, ज्यादा असरदार राज्य प्रभारी है क्योंकि वह केंद्रीय नेतृत्व का दूत है।

ये दोनों मिलकर पूरे राज्य में विधिवत संगठन तो नहीं बना सके, 2025 चुनाव के लिए 34-40 अच्छे उम्मीदवार भी नहीं खोज सके, लेकिन लड रहे हैं 60 या 61 सीटों पर। पिछली बार की 70 संख्या से 10 नीचे उतरे हैं। मेरे हिसाब से कांग्रेस को 45-50 से ज्यादा सीटों पर नहीं लडना चाहिए था, बची हुई 10 सीटें वामपंथी दलों को दे देनी चाहिए थी। अपने संगठन और महागठबंधन के जनाधार के बल पर वे कांग्रेस के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करते।राष्ट्रीय जनता दल को भी अपनी सूची से यादव समुदाय के 51 उम्मीदवारों की संख्या घटानी चाहिए थी और अति पिछड़े वर्ग EBC के प्रत्याशियों का प्रतिनिधित्व और बढ़ाना चाहिए था।

कांग्रेस ने जिस तरह की उम्मीदवार सूची जारी की है, वह सिर्फ महागठबंधन के लिए ही नहीं, स्वयं उसके लिए भी आत्मघाती साबित हो सकती है। अगर पांच साल बाद फिर ऐसे आत्मघात की पुनरावृत्ति से बचना है तो सिर्फ एक ही विकल्प है। जननायक राहुल गांधी अब और समय गंवाए बगैर बिहार जाकर कैम्प करें और हर दिन ज्यादा से ज्यादा चुनाव सभाएं करें। उन्हें एक और कदम उठाना होगा, चुनाव के दौरान अचानक कांग्रेस के स्वघोषित नेता बनकर अवतरित होने वाले कुछ बड़बोले नेताओं की ऊटपटांग बयानबाजी को भी वह नियंत्रित करें। अगर वह ऐसा नहीं कर पाए तो बिहार में कांग्रेस और महागठबंधन का बंटाधार अवश्यंभावी है।

बिहार के महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से जो कांग्रेस के तीन-चार लोगों ने चारों तरफ रायता फैला दिया था। इन नेताओं के टीम। लीडर थे अल्लाव। अब उलझे मसलों को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आज भेजा। उनकी लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और मंगनी मंडल आदि से बातचीत हुई। समझा जाता है कि कई उलझे मसलों को सुलझाया गया है। फैसलों की घोषणा कल महागठबंधन के सभी नेताओं की साझा प्रेस कांफ्रेंस में होगी। उलझे मसलों में एक है महागठबंधन के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा। यह घोषणा पहले ही हो गई होती, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व इस पर अब तक हिचकिचाता रहा है। अल्लाव से राहुल गांधी तक, सभी नेता इस बारे में पूछे सवाल के जवाब में कुछ भी साफ-साफ कहने से इंकार करते आ रहे हैं। सच पूछिए तो कुछ सीटों पर हो रही फ्रेंडली कांटेस्ट जैसी यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। गठबंधन में तेजस्वी के अलावा मुख्यमंत्री पद का कोई और दावेदार नहीं है। फिर कांग्रेस को इसे घोषित करने में क्या समस्या आ रही है। वह भी तब जबकि कांग्रेस को छोड़कर गठबंधन के सारे घटक दल तेजस्वी को ब्ड चेहरा बनाने के विचार से सहमत हैं। तो क्या माना जाए, हर काम-हर फैसला देर से करने वाली कांग्रेस कल पटना में आयोजित साझा प्रेस कांफ्रेंस में इस आशय की घोषणा करने के पक्ष में उतरेगी?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की इमरतियां बिहार को डरा तो नहीं रहीं



**श्रवण गर्ग**

**देश देखना यह चाहता है कि 14 नवम्बर के ऐतिहासिक दिन को राहुल इंडिया ब्लॉक के लिए इमरतियों का स्वाद चखने जैसा रख पाते हैं या नहीं ? देश इस बात पर आपा नहीं खोना चाहेगा कि नतीजों की घोषणा के साथ ही राहुल गांधी फिर किसी लंबी छुट्टी पर विदेश रवाना हो गए हैं। बिहार में चुनाव लड़ रहे प्रमुख राजनीतिक दलों को अपनी हार के कारणों की समीक्षा बजाय 14 नवम्बर को नतीजे प्राप्त होने के बाद करने के कमिटियां बनाकर अभी से प्रारंभ कर देना चाहिए। निश्चित ही निष्कर्ष वैसे ही प्राप्त होंगे जैसे नतीजों की घोषणा के बाद होने वाले होंगे।**

बिहार चुनावों को लेकर विपक्षी महागठबंधन के विभिन्न घटकों के बीच चल रही तनातनी और उसमें कांग्रेस की भूमिका ने उन तमाम लोगों के मन में सवाल खड़े कर दिए हैं जिन्होंने बीजेपी और संघ की नीतियों के खिलाफ लड़ाई में अपने भाग्य को राहुल गांधी के नेतृत्व के साथ नत्थी कर रखा है। भय उत्पन्न होने लगा है कि राहुल की लड़ाई के प्रति दिए जा रहे समर्थन को क्या चुनाव-नतीजों की घोषणा तक अस्थाई कर दिया जाना चाहिए?

मोदी के सत्ता में आने के बाद पिछले 11 सालों के दौरान चले घटनाक्रम, विशेषकर 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद, कांग्रेस कई बार सिद्ध कर चुकी है कि उसने जनता को निराश करने की अपार क्षमताएं अर्जित कर ली हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच प्रकट हुआ तनाव कोई अपवाद नहीं बल्कि उसके विफल होने की दिशा में एक और प्रयोग दिखाई पड़ रहा है। कहना मुश्किल है कि विपक्ष की सफलता का रहस्य मतदान के ठीक पहले अपेक्षित राहुल के किसी विस्फोटक चमत्कार में छुपा हुआ है या इन उम्मीदों में कि प्रशांत किशोर द्वारा खड़े किए गए 240 उम्मीदवार एनडीए के वोट बैंक में निर्णायक सैंध लगा सकते हैं। ऐसी किसी भी परिस्थिति के नायक तब प्रशांत किशोर माने जाएंगे राहुल गांधी नहीं। राहुल गांधी द्वारा किए जाने वाले 'हाइड्रोजन बम' विस्फोट की प्रतीक्षा अभी खघ्त्म नहीं हुई है। उसका बिहार में कम और देश-दुनिया में ज्यादा इंतजार हो रहा है। इसमें यह भी शामिल है कि 'खोदा पहाड़, निकली चुहिया' वाली स्थिति में सफाई क्या दी जाएगी?

जिस तरह की खबरें बिहार से बाहर निकलकर देश के हिस्सों में पहुंच रही हैं डराती हैं कि विपक्ष की जो लड़ाई संविधान और वोटर अधिकारों की रक्षा को लेकर प्रारंभ हुई थी वह किस तरह देखते ही देखते किसी भी कीमत पर सत्ता में हिस्सेदारी प्राप्त करने के कुर्ता फाड़ संघर्ष में तब्दील हो गई। इसी बीच अपने ही द्वारा खड़े किए गए महत्वाकांक्षी परिदृश्य से राहुल गांधी ने स्वयं को चुपचाप अनुपस्थित भी कर लिया। महागठबंधन का सर्वमान्य नेता इस समय कौन है खबरों को पता नहीं ! राहुल गांधी द्वारा पार्टी के दूसरे हिन्दी-भाषी राज्यों में व्याप्त असंतोष और पराजय के लिए दोषी ठहराए जा चुके सेनापतियों को ही बिहार की आग बुझाने के काम में झोंका गया है।

बिहार चुनावों के जरिए राहुल गांधी जो सिद्ध करना चाह रहे थे वह महागठबंधन के घटक दलों की आपसी नाराजगी के बीच लगभग गुम हो चुका है। जो नजर आ रहा है वह सिर्फ यह है कि बीजेपी ने किसी भी कघीमत पर बिहार को खघ्रीदने के लिए समस्त उपलब्ध संसाधनों और संस्थाओं को झोंक दिया है ! थोड़े शब्दों में बड़ी बात कहना हो तो बिहार विजय के जरिए मोदी राहुल गांधी नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष देश पर अपनी पकड़ और जनता के समर्थन का प्रदर्शन करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए कि विधानसभा चुनावों में एनडीए की हार को नीतीश सरकार के खिलाफ बिहार की जनता का वोट नहीं बल्कि मोदी की हुकूमत के प्रति देश का अविश्वास माना जाएगा। सत्तारूढ़ दल की सां. प्रदायिक और विभाजनकारी नीतियों का विरोध करने वाले तमाम लोग बिहार में महागठबंधन की विजय की यही मानते हुए प्रतीक्षा कर रहे हैं कि परिणाम उस 'इंडिया ब्लॉक' को राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्जीवित करेंगे जिसे बीजेपी के मार्गदर्शन में ध्वस्त करने में प्रमुख भूमिका नीतीश कुमार की रही है। चुनाव के नतीजे उन लाखों-करोड़ों लोगों के मनोबल को मजबूत या कमजोर करने वाले हैं जिन्होंने अपने संवैधानिक अस्तित्व को बिहार से बीजेपी और राजनीति से नीतिश कुमार की विदाई के साथ जोड़ रखा है। मीडिया अभी तो यही दिखला रहा है कि बिहार में महागठबंधन की लड़ाई अकेले तेजस्वी लड़ रहे हैं और राहुल पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में 'घंटेवाला स्वीट्स' के यहां इमरतियां तल रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर उठते सवाल



**योगेश कुमार गोयल**

वर्ष 1945 में दुनिया के 50 देशों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणा के अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्व के निर्माण हेतु कार्य करने का आव्हान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोग के मार्ग की खोज कर सकें। उसके बाद 1944 में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेन के प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटन के डम्बर्टन ओक्स एस्टेट में कई बैठकों के आयोजन के बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके आधार पर 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच 1945 में बातचीत हुई और 26 जून 1945 को सभी 50 देशों द्वारा चार्टर पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह चार्टर 24 अक्तूबर 1945 से प्रभावी हो गया। तभी से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गई कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमा. रियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई।

हालांकि विडम्बना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 80 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 80 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थाई सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी



अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थाई सदस्यता के लिए तमाम मानदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थाई सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थाई सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थाई सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थाई सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थाई सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृति के नहीं होते। आश्चर्य की बात है कि महासभा में 193 सदस्य देशों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषद के 5 स्थाई सदस्यों की सहमति पर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किए जाने की मांग बीते कई वर्षों से निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी की वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नई ताकतों को केन्द्रीय भूमिका में लाए बिना दुनिया की यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयं से की जाने वाली अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी। दुनिया के कई देश बार-बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र का ढ़ांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापना के समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में यह महत्वहीन होती चली जाएगी।

रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल-फलस्तीन, इन संघर्षों में दोनों ही पक्षों के हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखों की आबादी पलायन की त्रासदी से जूझ रही है, शहर के शहर मलबे में तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनिया में जगह-जगह युद्ध टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से ठोस योजनाओं पर अमल किए जाने की जरूरत महसूस होती रही है क्योंकि इस वैश्विक संस्था का गठन ही दुनिया में अमन-चैन कायम रखने के उद्देश्य के साथ किया गया था, लेकिन चिंता की बात है कि इन युद्धों में उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यता पर भारी पड़ रही है। भीषण होते इन युद्धों के कारण दुनिया अब दो धड़ों में बंटती जा रही है और संयुक्त राष्ट्र के अधिकांश सदस्य देश भी अब केवल बयान जारी करने से आगे नहीं बढ़ रहे। बहरहाल, यदि अभी भी संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती है तो यह संस्था आने वाले समय में अपना महत्व खो देगी। सही मायनों में दुनिया की इस सबसे बड़ी पंचायत को अब गंभीर आत्ममंथन की जरूरत के साथ पर्याप्त सुधारों की सख्त दरकार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में दो लोग समुद्र में डूबे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में बुधवार को आई तेज आंधी के दौरान दक्षिण-पूर्वी मेलबर्न में दो लोगों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दोनों व्यक्तियों में से एक ब्रिटिश नागरिक था, जो विषम परिस्थितियों में सर्फिंग कर रहा था और दूसरा उसका दोस्त था, जिसने उसे बचाने की कोशिश भी की। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा कि बुधवार अपराह्न मध्य मेलबर्न से 38 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में फ्रैंकस्टन बीच पर पानी में दो व्यक्तियों के फंसने की सूचना पर आपातकालीन सेवा कर्मियों को बुलाया गया था। पुलिस के एक हेलीकॉप्टर से देखने पर दोनों व्यक्तियों को पानी में बेहा.श पाया गया।

### रूस के चेल्याबिस्क में विस्फोट, मरने वालों की संख्या नौ हुई

**मास्को।** रूस के चेल्याबिस्क क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्सी टेक्सलर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने टेलीग्राम पर बताया कि विस्फोट एक संयंत्र में हुआ। फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह एक ड्रोन हमला है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि विस्फोट सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण हुआ।

### वेनेजुएला में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**काराकस।** पश्चिमी वेनेजुएला में ताचिरा के पैरामिलो हवाई अड्डे पर बुधवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संस्थान (आईएनएसी) यह जानकारी दी है। आईएनएसी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि संबंधित प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए और हवाई अड्डे के विमानन अग्निशामकों ने दुर्घटना पर तुरंत कार्रवाई की। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### रूस के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट चार लोगों की मौत

**मास्को।** रूस में चेल्याबिस्क क्षेत्र के कोपेयस्क शहर स्थित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में विस्फोट होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर एलेक्सी टेक्सलर ने कहा कि फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह ड्रोन हमला है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और एक कमान सेंटर स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के निवासियों या नागरिक संपत्ति को कोई खतरा नहीं है।

# भारत रूसी तेल खरीदना दिसम्बर तक बंद करेगा: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक हफ्ते में पांचवीं बार रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को 'तेजी से कम' करेगा। नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे। यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते।

लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा। यह एक बड़ी बात है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे। भारत का रूख बहुत अच्छा रहा है। मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से बात की, और वे पूरी तरह से शानदार रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणी कुछ दिनों बाद आई है, जब उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नई दिल्ली रूसी तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने भारत की ऊर्जा नीति को संभावित अमेरिकी टैरिफ से भी जोड़ा, चेतावनी दी कि भारतीय सामानों पर उच्च आयात शुल्क तब तक लागू रहेंगे जब तक देश मॉस्को से तेल खरीदना बंद नहीं करता। ट्रम्प ने इससे पहले एयर फोर्स वन पर बातचीत के दौरान कहा कि अगर वे ऐसा कहना चाहते हैं, तो उन्हें भारी आयात शुल्क का भुगतान जारी रखना होगा-और वे ऐसा नहीं करना चाहते। अमेरिका ने पहले ही कुछ भारतीय आयातों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, जिनमें से 25 प्रतिशत नई दिल्ली के रूसी कच्चे तेल आयात के कारण है। अमेरिकी नेता ने कहा कि वह चीन के रूसी ऊर्जा और तेल व्यापार के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से चर्चा करने की योजना बना रहे हैं, ताकि मॉस्को पर शांति समझौते के लिए बातचीत करने का दबाव डाला जा सके। ट्रम्प ने अपने पूर्ववर्तियों, जो बाइडन और बराक ओबामा की भी आलोचना की, उनकी नीतियों को चीन और रूस को करीब लाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चीन थोड़ा अलग है। उनका रूस के साथ थोड़ा अलग रिश्ता है। यह कभी अच्छा नहीं था, लेकिन बाइडन और ओबामा की वजह से, उन्हें एक साथ मजबूर किया गया। उन्हें कभी एक साथ नहीं होना चाहिए था-वे (चीन-रूस) दोस्ताना नहीं हो सकते-मुझे उम्मीद है कि वे दोस्ताना हैं, लेकिन वे नहीं हो सकते।



■ जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे, यह एक प्रक्रिया है, आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते: ट्रम्प

### अमेरिका ने रूस की सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य मास्को पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। अमेरिका का यह कदम महीनों से अटकी कूटनीति और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के रूख से बढ़ती निराशा के बाद उठाया गया है। ट्रम्प ने नाटो महासचिव मार्क रूट की मेजबानी करते हुए व्हाइट हाउस में पत्रकारों को बताया कि आज एक बहुत बड़ा दिन है। देखिए, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। ये उसकी दो बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ हैं। हमें उम्मीद है कि युद्ध अब समाप्त हो जाएगा। हमने अभी-अभी विभिन्न प्रकार की मिसाइलों और अन्य सभी चीजों के बारे में बात की है जिन पर हम विचार कर रहे हैं। लेकिन हमें नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी उन पर प्रतिबंध लगाए हैं जो अमे.रिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की संपत्तियों को जब्त कर लेंगे।



मथुरा। 'भाई दूज' के अवसर पर यमुना नदी में डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु।

### जॉर्डन ने गाजा से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला

**अम्मान।** जॉर्डन के सशस्त्र बलों (जेएएफ) ने बुधवार को 'जॉर्डन चिकित्सा गलियारे' पहल के तहत गाजा पट्टी से बीमार बच्चों के 13वें जत्थे को निकाला। जेएएफ ने बताया कि इस जत्थे में 12 मरीज और 38 उनके साथी शामिल हैं। बीमार लोगों को जॉर्डन के स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के समन्वय में जॉर्डन के अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य फलस्तीनियों का समर्थन करना और उनकी मानवीय पीड़ा को कम करना है। जॉर्डन ने मार्च में इसकी शुरुआत के बाद से गाजा से 799 लोगों को गाजा पट्टी से निकाला है, जिनमें 232 मरीज और 567 उनके साथी शामिल हैं।

### अमेरिकी सेना में सिखों के लिए दाढ़ी की नीति पर पुनर्विचार की अपील

■ नई नीति से अमेरिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी सांसद ने युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को पत्र लिखा है, जिसमें अमे.रिकी सेना के सैनिकों के लिए जारी की गई दाढ़ी संबंधी नीति पर पुनर्विचार की अपील की गई है। दरअसल नई नीति से अमे.रिकी सेना में कार्यरत सिख सैनिक चिंतित हैं।

नई नीति के तहत सभी अमेरिकी सैनिकों को दाढ़ी काटना अनिवार्य कर दिया गया है। अमेरिकी सांसद थामस सुओजी ने पीट हेगसेथ को लिखे पत्र में सिख समुदाय की चिंताओं को उजागर करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सिख धर्म में बिना कटे बाल और दाढ़ी रखना, उनके धर्म का मूल सिद्धांत है। युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ को लिखे एक पत्र में सांसद थामस सुओजी ने इस बात पर जोर दिया कि सिख पीढ़ियों से अमेरिकी सैनिकों के साथ लड़ते आ रहे हैं, जिनमें प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध दोनों शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि ने कहा कि सिखों के लिए, अपने देश की सेवा करना एक पवित्र कर्तव्य है, यह संत-सिपाही (संत-सैनिक) के आदर्श का प्रतीक है जो आस्था और सेवा का मिश्रण है। सिख धर्म में अनुयायियों से ईश्वर के प्रति भक्ति और समानता के प्रतीक के रूप में बाल और दाढ़ी नहीं काटने की अपेक्षा की जाती है।

## ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका छद्म तेल पर लगाया बैन

**ब्रुसेल्स।** रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है।

साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के यूरोपीय संघ के अध्यक्ष और विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रति.बंधों की घोषणा की। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासम.ुसेन ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान रूस पर लगे प्रतिबंधों का एलान करते हुए कहा कि आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमे.रिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

### तंजानिया में आम चुनाव से पहले शीर्ष विपक्षी नेता गिरफ्तार

**दार एस सलाम।** तंजानिया में अगले हफ्ते होने वाले आम चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार चाडेमा के उपाध्यक्ष जॉन हेचे को पार्टी नेता टुंडू लिस्सु के राजद्रोह के मुकदमे में शामिल होने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया। चाडेमा ने एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार 'वरिष्ठ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करने और उन्हें चुनाव खत्म होने तक हिरासत में रखने' की योजना बना रही है।चुनाव 29 अक्टूबर को होंगे। सरकार ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# वेनेजुएला की अमेरिका को चेतावनी

## 5000 रूसी मिसाइलें तैनात की, राष्ट्रपति बोले: साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देंगे

**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निक.ोलस मादुरो ने बुधवार को एक टीवी प्रोग्राम में कहा कि उनके देश ने अमेरिकी खतरे से निपटने के लिए रूस से मिली 5000 इग्ला-एस मिसाइलें तैनात की हैं। मादुरो ने कहा-हमारे पास 5000 मिसाइलें हैं, जो देश की शांति और आजादी की रक्षा करेंगी।

ये मिसाइलें हवा में कम दूरी के हमलों को रोकने के लिए तैनात की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये हथियार किसी भी साम्राज्यवादी खतरे का जवाब देने के लिए हैं और वेनेजुएला की सेना अपनी मातृभूमि की एक-एक इंच जमीन की रक्षा के लिए तैयार है। अमेरिका लंबे समय से मादुरो के खिलाफ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के समुद्री तट के पास कुछ नौसैनिक जहाज भेजे हैं, जिन्हें अमे.रिका ने ड्रग्स के खिलाफ आपरेशन बताया है। अमेरिका ने पिछले कुछ वक्त में वेनेजुएला की कुछ नावों को तबाह भी कर दिया है। उसका आरोप है कि ये नावें ड्रग्स ले जा रही थीं। हालांकि वेनेजुएला ने इन आरोपों को गलत बताया है। वेनेजुएला का कहना है कि अमे.रिका का यह आपरेशन उसकी आजादी पर हमला है। पिछले महीने वेनेजुएला की बोट पर अमेरिकी हमले का फुटेज। इस हमले में 3 लोग मारे गए थे। अमेरिका ने मादुरो पर 7 अगस्त को 50 मिलियन डॉलर, यानी करीब 420 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। इसके अलावा उनसे जुड़े 700 मिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। अमे.रिकी अधिकारियों का कहना है कि मादुरो के पास 7 टन कोकीन है, जिसे वे अमेरिका भेजने की तैयारी कर रहे हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। इतना इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था।



■ मातृभूमि के हर इंच के लिए लड़ेंगे

# शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान 'शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान' को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया।

90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितम्बर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली। उन्होंने नूर अला अल-दरब या 'रास्ता रोशन करो' रेडियो शो को लंबे समय तक संबोधित किया। साथ ही कई किताबें भी लिखीं। उनके फतवे या धार्मिक आदेश सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। शेख सालेह को अपने कुछ बयानों के लिए पश्चिमी मीडिया में आलोचना का सामना भी करना पड़ा है। सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती सुन्नी मुसलमानों की दुनिया के शीर्ष इस्लामी मौलवियों में से एक हैं। ह्यूमन राइट्स वाच ने 2017 में बताया था कि जब शेख सालेह से पूछा गया कि क्या सुन्नी मुसलमानों को शियाओं को अपना भाई मानना चाहिए, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा था कि वे शैतान के भाई हैं। उन्होंने कहा कि शिया, ईश्वर उनके पैगंबर और मुसलमानों के बारे में झूठ बोलते हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनी.तिक तनाव का इतिहास है और सऊदी अरब के धार्मिक नेताओं के द्वारा शियाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियां आम हैं। साल 2003 में शेख सालेह ने अपने एक बयान में कहा था कि गुलामी इस्लाम का एक हिस्सा है। गुलामी, जिहाद का हिस्सा है, और जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा। शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख के सितम्बर में निधन के बाद शेख सालेह ने यह पद संभाला है। अल-शेख परिवार, जो शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल-वहाब के वंशज हैं, लंबे समय से सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। 18वीं शताब्दी में शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब की इस्लाम की अति-रूढ़िवादी शिक्षाओं, जिन्हें उनके नाम के चलते 'वहाबवाद' कहा जाता है, का दशकों तक सऊदी अरब पर प्रभाव रहा है।



■ 90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई

### स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोह के लिए स्टारलिंक सेवाएं बंद की

**बैंकॉक।** सैटेलाइट इंटरनेट सेवा कंपनी स्पेसएक्स ने म्यांमार में घोटाला करने वाले गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 2,500 से जयादा उपकरणों से स्टारलिक उपग्रह संचार सेवाएं बंद कर दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार माना जा रहा है कि थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर 30 से जयादा गिरोह सक्रिय हैं जहां दुनिया भर के लोगों की तस्करी की जाती है और उन्हें जबरन ऐसे घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता है जिनसे सालाना अरबों डॉलर की कमाई होती है।

# नाइजीरिया में तेल टैंकर में विस्फोट से 42 लोगों की मौत

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया में एक तेल टैंकर में हुए विस्फोट में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है। एक सहायताकर्मी ने बीबीसी को यह जानकारी दी।

नाइजर राज्य आपातकालीन सेवा के प्रमुख अब्दुल्लाही बाबा आरा ने बीबीसी को बताया कि हादसे में 52 अन्य लोग को चोटें आई हैं, जिनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पलटे हुए टैंकर से तेल इकट्ठा करने के लिए दौड़े, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। भीषण आग में कई लोग बुरी तरह जल गए और उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया और घायलों को इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया। यह दुर्घटना नाइजर राज्य के कच्चा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बीडा-अगाई सड़क के किनारे एस्सान और बादेगी समुदायों के पास हुई। नाइजर के गर्वनर मोहम्मद उमरु बागो ने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए इस घटना को 'चिंताजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और दयनीय' बताया। गर्वनर के मुख्य प्रेस सचिव बोला.गी इब्राहिम ने एक बयान में कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि कई जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग गिरे हुए टैंकर के पास जाकर उसका सामान उठा रहे हैं।

# बलूचिस्तान में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत

## 11 आतंकवादी भी हुए ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानक.ारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी। संदिग्धों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोग सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी कर्मियों पर पहले भी हुए हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि सभी शवों को पहचान के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया है।



■ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सैनिकों ने चगाई के दलबंदिन में एक पहाड़ी इलाके की घेराबंदी कर दी

# भारतीय मूल के सुनील अमृत ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार

■ द बर्निंग अर्थ के लिए मिला अवॉर्ड

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब 'द बर्निंग अर्थ: एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है। अमेरिका के येल विश्व.विद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ।

46 वर्षीय अमृत की किताब को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक अवॉर्ड के निर्णायकों ने जलवायु संकट के मामले में महत्वपूर्ण पठन सामग्री बताया। बुधवार शाम लंदन स्थित ब्रिटिश अकादमी में आयोजित एक समारोह में सुनील अमृत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका से लाइव वीडियो लिंक के से कार्यक्रम से जुड़े अमृत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि यह मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों तरह के नुकसान और पीड़ा के बारे में बहुत विस्तार से बताती है। साथ ही ये दर्शाती है कि ये दोनों लगभग हमेशा आपस में जुड़े रहे हैं। लेकिन अंत में, मैं इस पुस्तक से जो पढ़ना चाहूंगा, वह यह है कि इसके कई हिस्से हमें इस मुकाम तक ले आए हैं। इसलिए कई ऐसे रास्ते भी थे जिन्हें अपनाया नहीं गया, ऐसे विचार जिन्हें भुला दिया गया, ऐसे आंदोलन जो भले ही विफल रहे हों, लेकिन उन्होंने एक स्थाई विरासत छोड़ी है, ऐसी प्रौद्योगिकियां जो अधिक विनम्र और टिकाऊ थीं।

